जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोन:- 256906, 256907, फैक्स:- 01562-256908 वर्ष: 16 संख्या: 176 प्रभात चूरू, मंगलवार 22 अक्टूबर, 2024 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## कांग्रेस महाराष्ट्र में 110 सीट, झारखंड में 29 सीटों पर चुनाव लड़ेगी!

### कांग्रेस मुख्यालय में चुनाव समिति की बैठक, जिसमें राहुल गांधी, सोनिया गांधी व खड़गे ने भी भाग लिया, में यह निर्णय लिया गया, जिसकी विधिवत् घोषणा कल होगी

- कांग्रेस, यू.पी. में नौ सीटों पर होने वाले बाई-इलैक्शन में भाग नहीं लेगी।
- समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को दो सीटें आवंटित करने की बात चलाई थी, पर, कांग्रेस ने यह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया और समर्थन देने का निर्णय लिया। कांग्रेस का मानना है कि जो दो सीटें कांग्रेस को ऑफर हुई हैं, दोनों "हारी" हुई सीटें मानी जाती हैं।
- वैसे भी कांग्रेस के प्रति इंडिया गठबंधन के घटकों का रवैया काफी सख्त है, कांग्रेस के हरियाणा में चुनाव हारने के बाद। जैसा कि विदित ही है, हरियाणा के स्थानीय नेताओं के दबाव में कांग्रेस ने सहयोगी दलों को हरियाणा में एक भी सीट देने से इंकार कर दिया था। कांग्रेस के इस रवैये से क्षुब्ध सहयोगी दल, विशेषकर आप व सपा, कांग्रेस के प्रति उदार दृष्टिकोण रखने को तैयार नहीं हैं।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर। कल मुम्बई में होने जा रही महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के गठबंधन पार्टनरों की एक मीटिंग में महाराष्ट्र के सीट-शेयरिंग फॉर्मूले को अंतिम रूप दे दिया जायेगा। ऐसी संभावना है कि कांग्रेस अपने मित्र दलों- शिव सेना एवं एन.सी.पी. के साथ 110 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

इस संबंध में अधिकृत घोषणा कल शाम को मुम्बई में कर दी जायेगी तथा कांग्रेस की 50-55 उम्मीदवारों की पहली सूची 23 अक्टूबर को घोषित कर दी जायेगी।

आज शाम के समय ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर सैन्ट्रल इलैक्शन कमेटी (सी.ई.सी.) की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में सी.ई.सी. के सदस्यों के साथ राहुल गांधी, सोनिया गांधी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद थे।

सी.ई.सी. ने झारखंड के लिये प्रत्याशियों के बारे में भी चर्चा की। ऐसी आशा की जा रही है कि झारखंड विधानसभा की 81 सीटों में से करीब 29 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। जे.एम.एम. (झारखंड मुक्ति मोर्चा) के 43 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है। झारखंड में, कांग्रेस का गठबंधन झारखंड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) तथा आर.जे.डी. के साथ है। इस समय राज्य में यह गठबंधन ही सत्ता में है।

कांग्रेस संभवत: उत्तर प्रदेश में उपचुनाव नहीं लड़ेगी क्योंकि समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को उपचुनावों वाली 9 सीटों में से केवल दो सीटें दी हैं।

कांग्रेस इन दोनों सीटों को हारने वाली सीटें मान रही है तथ इन सीटों पर वह अपना समर्थन समाजवादी पार्टी को देगी। जहाँ तक कांग्रेस के मित्र दलों का संबंध है, हरियाणा में मिली हार के बाद, ये दल कांग्रेस को कुछ ज्यादा ही कमजोर असुरक्षित मानने लगे हैं।

समाजवादी पार्टी हरियाणा में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन स्थानीय इकाई ने इसके लिये मना कर दिया था, कांग्रेस ने वहाँ अकेले ही चुनाव लड़ा था तथा समाजवादी पार्टी तथा आम आदमी पार्टी में से किसी को कोई सीट नहीं दी थी।

प्रियंका गांधी 23 अक्टूबर को वायनाड सीट से लोकसभा उपचुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। यह सीट राहुल गांधी ने खाली की है। प्रियंका गांधी के नामांकन पत्र भरते समय, राहुल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एस.आई. भर्ती-2021 पेपर लीक केस, एक और आरोपी को जमानत

- राजस्थान हाई कोर्ट ने यह आदेश आरोपी संजय कुमार की याचिका पर दिए। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उन्हें गलत तरीके से आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया गया है।

जयपुर, 21 अक्टूबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सब इंस्पैक्टर परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में एक और आरोपी को जमानत दे दी। न्यायाधीश गणेश राम मीणा की अदालत ने ये आदेश संजय कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये।

इस मामले में याचिकाकर्ता व अन्य 18 आरोपियों ने मामले पर जमानत याचिका दायर की थी। परंतु अदालत ने इन सभी मामलों पर सुनवाई 23 अक्टूबर को तय की है। इन मामलों में याचिकाकर्ताओं की ओर से गलत तरीके से गिरफ्तार किये जाने व पेपर लीक से जुड़े प्रकरण में भागीदार न होने जैसे कई तर्क अदालत के समक्ष प्रस्तुत किये हैं, जिन पर अदालत संयुक्त रुप से 23 तारीख को सुनवाई करेगी। गत सुनवाई के दौरान, वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक बाजवा, अधिवक्ता एस.एस.हूरा और उनके सहायक अधिवक्ता वेदांत शर्मा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्रियंका 23 अक्टूबर को वायनाड सीट के लिए नामांकन भरेंगी

### प्रियंका के साथ खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे

- सूत्रों ने बताया कि नामांकन से पूर्व प्रियंका व राहुल गांधी एक रोड शो करेंगे। इस समूची कवायद में कांग्रेस के प्रमुख राष्ट्रीय व प्रदेश नेताओं के साथ कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे।
- यह सीट राहुल गांधी के इस्तीफा देने से रिक्त हुई है। लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी रायबरेली और वायनाड दोनों सीटों से जीते थे, फिर उन्होंने वायनाड सीट छोड़ दी थी और प्रियंका को वहाँ से चुनाव लड़ाने का एलान कर दिया था।

**-डॉ. सतीश मिश्रा -**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर। वायनाड लोकसभा सीट का उपचुनाव जितना प्रतिष्ठित है, यह इसी से पता चलता है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी जब वायनाड उपचुनाव के लिए नामांकन भरने जाएगी तब उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी होंगे।

प्रियंका पहली बार चुनाव लड़ने जा रही हैं और 23 अक्टूबर को 12 बजे व कलपेट्टा में रिटर्निंग अफसर के सामने नामाकंन भरेंगी। सूत्रों ने कहा सोनिया, राहुल और खड़गे के अलावा कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री देश व प्रदेश के प्रमुख पार्टी नेता भी उपस्थित रहेंगे। नामांकन से पहले राहुल और प्रियंका एक रोड़ शो करेंगे। रोड़ शो 11 बजे कलपेट्टा बस स्टैंड से शुरू होगा। वायनाड लोकसभा उपचुनाव इसलिए कराना पड़ा क्योंकि इस सीट से चुनाव जीते राहुल गांधी ने इस्तीफा दे दिया था क्योंकि वे दो सीटों से चुनाव लड़े थे और विजयी रहे थे। उल्लेखनीय है, जून में कांग्रेस अध्यक्ष ने घोषणा की थी कि राहुल रायबरेली सीट रखेंगे और वायनाड सीट खाली करेंगे। राहुल वायनाड और रायबरेली दोनों जगह से जीते थे। कांग्रेसी नेताओं को यकीन है कि प्रियंका वायनाड से अवश्य ही जीतेंगी। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार वायनाड सीट के लिए 13 नवम्बर को मतदान होगा यहां नामांकन दर्ज करने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर है। नामांकन की जांच 28 अक्टूबर को होगी नामाकंन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है।

मतगणना महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा चुनाव की मतगणना के साथ 23 नवम्बर को ही होगी।

## पन्नू की हत्या की साजिश, अमेरिका के आरोपों पर सहयोग की मुद्रा में आई भारत सरकार

### पर केन्द्र सरकार आशंकित है, अमेरिका इस साजिश के कथित आरोपी, विकास यादव के प्रत्यार्पण की मांग ना कर ले

- अगर, ऐसा हुआ तो भारत सरकार बदले में मुम्बई टैरर अटैक के आरोपी डेविड कोलमैन हैडली उर्फ दाऊद सैय्यद गिलानी के प्रत्यार्पण की मांग कर सकती है, जो अमेरिका की जेल में बंद है, उसकी अमेरिका सरकार से डील है कि उसे भारत को नहीं सौंपा जाएगा।
- अमेरिकन न्याय विभाग का आरोप है कि सी.आर.पी.एफ. का अफसर विकास यादव, जो कथित तौर पर रॉ एजेंट है, ने खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रची थी।
- ध्यान देने वाली बात यह है कि, कैनडा सरकार ने जब हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारत सरकार पर आरोप लगाया तो भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी, पर, अमेरिका के आरोपों के संबंध में भारत का रुख बेहद विनम्र है।

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर। भारत ने अमेरिका के डिपार्टमेन्ट ऑफ जस्टिस के इस आरोप, कि सी.आर.पी.एफ. अधिकारी विकास यादव, जिसे आर.ए.डल्यू. (रॉ) एजेन्ट बताया गया है, खालिस्तानी ऐक्टिविस्ट गुरपतवन्त सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में लिप्त है, पर सहयोगात्मक रुख अपनाया है, लेकिन नई दिल्ली इस प्रश्न को लेकर चिन्तित है कि अगर अमेरिका यादव के प्रत्यर्पण की माँग करता है तो क्या होगा?

उधर कैनडा सरकार ने भी यह आरोप लगाया है कि भारत सरकार कैनडा की धरती पर खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में लिप्त है, इस प्रकरण में भारत सरकार ने टकराव की मुद्रा अपनाई और प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो के आरोप को निराधार तथा "वोट बैंक राजनीति" से जुड़ा बताया है। लेकिन अमेरिका वाले प्रकरण में, नई दिल्ली ने सहयोग का रास्ता अपनाते हुए, अमेरिका को सूचित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पदोन्नति नहीं देने पर प्रसारण निगम से जवाब मांगा

- आरोप है कि पात्र होने के बावजूद मीटर रीडर को एस्टीमेटर पद पर पदोन्नति नहीं दी, जबकि उससे जूनियर को प्रमोशन दे दिया।

जयपुर, 21 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने मीटर रीडर को एस्टीमेटर के पद पर पदोन्नित नहीं देने से जुड़े मामले में विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश प्रहलाद सिंह की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता योगेश कुमार टेलर ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता बिजली कंपनी में श्रमिक के रूप में मीटर रीडर के पद पर नियुक्त हुआ था। याचिकाकर्ता को विभाग की ओर से मार्च, 1992 में एस्टीमेटर के पद पर पदोन्नति नहीं दी गई, जबकि उससे जूनियर कर्मचारी को पदोन्नत कर दिया गया। इस पर याचिकाकर्ता ने विभाग को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'शुभम लॉजिस्टिक व ऑरिगो के साथ अनुबंध में करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ था'

### सोमवार को बोर्ड बैठक में कृषि-खाद्य विभाग और भंडारण निगम ने दोनों कंपनियों द्वारा निविदा शर्तों के उल्लंघन तथा करोड़ों रुपए का घोटाला करने के आरोप को सही माना

- पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में वर्ष 2020 में इन कंपनियों को राज्य भंडारण निगम के 71 गोदामों के संचालन व रखरखाव का ठेका दिया गया था।
- बैठक के बाद भंडारण निगम ने ए.सी.बी. महानिदेशक को पत्र लिखकर इस मामले में जांच अधिकारी बदलने की मांग की और कहा, ऐसा अधिकारी लगाया जाए, जो पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से प्रभावित नहीं हो।
- भंडारण निगम का कहना है कि, ए.सी.बी. द्वारा नियुक्त जांच अधिकारी पिछले 2 माह से प्राथमिकी दर्ज किए बैठे हैं, एफ.आई.आर. आज तक दर्ज नहीं की गई। जांच अधिकारी वर्ष 2020 में दोनों कंपनियों के साथ किए गए अनुबंध की जांच के बजाय "वेयर हाऊसिंग मैनेजमेंट सिस्टम" के विश्लेषण पर अटके हुए हैं।

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

जयपुर, 21 अक्टूबर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पिछले कार्यकाल में वर्ष 2020 में राज्य भंडारण निगम के 71 गोदामों के संचालन व रखरखाव का ठेका जिन कंपनियों, श्री शुभम लॉजिस्टिक व ऑरिगो कोमोडिटीज़ को दिया गया था, उनके द्वारा निविदा की शर्तों के उल्लंघनों का रिव्यू किया गया। बैठक के बाद भंडारण निगम ने ए.सी.बी. महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा कि, इस मामले में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के शिकायती पत्र के अनुसार तुरंत जांच हो। साथ ही ए.सी.बी. अपना अनुसंधान अधिकारी भी बदले, ऐसा अधिकारी लगाया जाए, जो पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से प्रभावित नहीं हो। भंडारण निगम का कहना है कि ए.सी.बी. द्वारा नियुक्त जांच अधिकारी पिछले 2 माह से प्राथमिकी दर्ज किए बैठे हैं, एफ.आई.आर. आज तक दर्ज नहीं की गई। जांच अधिकारी वर्ष 2020 में दोनों कंपनियों के साथ किए गए अनुबंध की जांच के बजाय "वेयर हाऊसिंग मैनेजमेंट सिस्टम" के विश्लेषण पर अटके हुए है।

सोमवार को कृषि विभाग, राज्य भंडारण निगम व खाद्य विभाग के उच्चाधिकारियों ने इस संबंध में बोर्ड बैठक बुलाई थी, जिसमें इन दोनों कंपनियों द्वारा लगातार पिछले 4 सालों से निविदा की शर्तें, जैसे करोड़ों रु. की कृषि उपज का बीमा नहीं कराने, बैंक गारंटी नहीं चुकाने, सरकारी कर्मचारियों का इस्तेमाल करने, कृषि उपज के रखरखाव में लापरवाही, कीटनाशक नहीं छिड़कने और गोदामों को भराव क्षमता के 70 प्रतिशत से कम उपयोग में लेकर सरकार को करोड़ों रु. के नुकसान पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बोर्ड बैठक में भंडारण निगम और कृषि विभाग ने इन तमाम खामियों को सही माना और अब इस प्रकरण की ए.सी.बी. से विस्तृत जांच करवाने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी तरीका अपनाने का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आतंकी पन्नू ने एयर इंडिया में विस्फोट की धमकी दी

- पन्नू ने एक वीडियो को जारी कर लोगों को 1 से 19 नवम्बर तक एयर इंडिया में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। उसने गत वर्ष भी ऐसा वीडियो जारी कर धमकी दी थी।

अमृतसर, 21 अक्टूबर। अमेरिका में रह रहे सिख फॉर जस्टिस (एस.एफ.जे.) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एअर इंडिया में बम विस्फोट की धमकी दी है। आतंकी पन्नू ने वीडियो जारी कर 1984 के सिख दंगों का बदला लेने की बात कही। उसने लोगों को एअर इंडिया में सफर न करने की सलाह दी।

इससे पहले, 4 नवंबर 2023 को भी पन्नू ने वीडियो जारी कर एअर एंडिया के विमानों को बम से उड़ाने की धमकी दी थी और एक मिनट का वीडियो जारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'वे काफी वृद्ध हैं, और, काफी असमर्थ लग रहे हैं'

### कमला हैरिस, वो ही तर्क काम में ले रही हैं, ट्रम्प के खिलाफ, जो ट्रम्प व उनके समर्थकों ने राष्ट्रपति बाइडन के लिये काम लिये, जब राष्ट्रपति बाइडन की राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की संभावना थी

- ट्रम्प काफी गलतियाँ कर रहे हैं, स्टेज पर, और कमला हैरिस की, ट्रम्प के वृद्ध होने व असमर्थ दिखने की टिप्पणी सच सी लगने लगी है।
- एक अजीबो-गरीब बात यह भी है, इस राष्ट्रपति चुनाव के बारे में कि काफी अश्वेत, जो डैमोक्रेटिक पार्टी के प्रबलतम समर्थक माने जाते रहे हैं, ट्रम्प के पक्ष में कुछ सक्रिय होते नज़र आ रहे है।
- कारण है, ट्रम्प का यह कहना है कि हैरिस किसी भी तरह "अश्वेत" नहीं हैं। वे अपने लालन-पालन व विचारों से श्वेत हैं तथा उनका "अश्वेत" जनता का प्रतिनिधित्व करने का दावा मिथ्या व फरेब है। ट्रम्प की यह आलोचना मतदाताओं पर कुछ असर डाल रही है।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में मात्र दो महीने रह गए है और दोनों प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार चरम पर है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प, जो फिर से चुनाव मैदान में हैं, और अपने चुनाव प्रचार में ऐसी भाषा का प्रयोग कर रहे है, जो पागलपन की हद तक जाती लग रही है। दूसरी ओर, डैमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष कमला हैरिस कहीं भी पीछे हटने या मात खाने का संकेत नहीं दे रही हैं। वे करारा जवाब दे रही हैं और अपने चुनाव प्रचार को बेहद हाईपिच पर ले जाने की कोशिश में है, जहां टिके रह पाना आसान नहीं है।

कमला वे ही तर्क दे रही हैं जो रिपब्लिकन्स जो बाइडन के खिलाफ प्रयुक्त करते थे कि वे बहुत बूढे हैं, मानसिक रुप से सक्षम नहीं है। ट्रम्प भी गड़बड़ कर रहे हैं, और बुढ़ापे के संकेत दे रहे हैं, इससे ट्रम्प की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

हताशा में ट्रम्प असभ्य व उग्र भाषा का प्रयोग कर रहे है। ट्रम्प ने कमला हैरिस, जो अभी उप राष्ट्रपति हैं, के लिए कहा कि वे अब तक की सबसे खराब उप राष्ट्रपति हैं। आपको हटाया जाता है, जाओ यहां से। वे भूल गए हैं कि वे अब राष्ट्रपति नहीं हैं और किसी को भी हटाने की हैसियत में नहीं हैं।

अपने कुछ भाषणों में तो ट्रम्प ने उन लोगों के लिए अश्लील भाषा का प्रयोग किया, जो उनके लिए शर्मिंदगी के हालात पैदा कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन पार्टी के कार्यकर्ता व बड़े नेता भी शामिल है।

लेकिन जमीनी स्थिति क्या है। स्नैप ऑप्शन पोल दिखा रहे हैं कि दोनों लगभग बराबरी पर हैं। कमला हैरिस को अपने जनाधार में भी समर्थन मिला है। युवा एवं शिक्षित मतदाता उन्हें पसंद कर रहे हैं।

डॉनल्ड ट्रम्प को अपने कट्टर श्वेत समर्थकों का सहारा है, जिनका यकीन इस बात में है कि श्वेत सर्वश्रेष्ठ होते हैं। पर उनकी अटपटी भाषण शैली से शिक्षित युवा मतदाता उनसे दूर हो रहा है। यही नहीं, रिपब्लिकन जनाधार में भी उन्होंने कई लोगों को नाराज कर दिया है। रिपब्लिकन पार्टी के कई बड़े नेता कमला हैरिस के समर्थन में आगे आ रहे हैं, सिर्फ इसलिए, क्योंकि वे ट्रम्प को सत्ता से दूर रखना चाहते हैं।

राजनीतिक अभिजात वर्ग का एक बड़ा वर्ग मानता है कि दूसरी बार डॉनल्ड ट्रम्प को लाने के बारे में सोचना खतरनाक है। इनको भय यह है कि ट्रम्प देश के डैमोक्रैटिक स्ट्रक्चर (लोकतांत्रिक ढांचे) को नष्ट कर देंगे तथा कुछ तानाशाही प्रवृत्तियाँ शुरु कर देंगे।

रोचक बात यह है कि ट्रम्प डैमोक्रेटिक पार्टी के कुछ परंपरागत अश्वेत समर्थन आधार को आकर्षित करने में सफल हुए हैं। अश्वेत समुदाय के कई मतदाता ट्रम्प के समर्थन में चले गए हैं, जो अभी तक डैमोक्रैटिक पार्टी का समर्थन करते थे। यह कैसे हो रहा है, यह एक तरह की पहेली है, लेकिन, लगता है कि ट्रम्प यह बात समझाने में सफल हो गए हैं कि हैरिस वास्तव में एक अश्वेत उम्मीदवार नहीं हैं और उनको जो संस्कार मिले हैं, उनका समाज के इन हिस्सों से संबंध नहीं है।

दोनों उम्मीदवार दो मुद्दों पर एक दूसरे से ज्यादा अलग नहीं हैं, लेकिन अपनी अलग-अलग धारणाएं प्रोजैक्ट करने की कोशिश कर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आर.जे.एस. भर्ती-सुप्रीम कोर्ट ने अंग्रेजी, विधि-प्रथम व द्वितीय के अंकों की तालिका मांगी

- हाई कोर्ट ने 7 बक्सों में उन अभ्यर्थियों की अंग्रेजी उत्तर पुस्तिकाएं पेश कीं, जिन्हें 15 तक अंक मिले थे।
- सुप्रीम कोर्ट ने विधि प्रथम व द्वितीय के अंकों की जानकारी गुरुवार तक प्रस्तुत करने को कहा है।

जयपुर, 21 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने आर.जे.एस. भर्ती-2024 की मुख्य परीक्षा से जुड़े मामले में राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन को कहा है कि जिन अभ्यर्थियों के अंग्रेजी विषय में अधिकतम 15 अंक तक आए हैं, उनके विधि प्रथम व द्वितीय प्रश्न पत्र में आए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

सुबह से शाम तक काम करके आदमी उतना नहीं थकता, जितना क्रोध या चिंता से पल भर में थक जाता है। –जेम्स एलन

# शासन प्रशासन में नवाचार, आज की महती आवश्यकता

नवाचार का अर्थ है, किसी कार्य को नए प्रकार से करना। नवाचार वही कर सकता है जो यथा स्थिति से संतुष्ट नहीं है एवं उसे यह लगता है कि इसमें सुधार होना चाहिए। सामान्यतः धारणा यह है कि नवाचार केवल विज्ञान और कला के लिए ही आवश्यक होता है। यह धारणा सही नहीं है। हमारी शासन और न्याय प्रणाली अब भी अंग्रेज़ों वाली ही चल रही है। प्रशासन में नवाचार की बहुत आवश्यकता है। यहां किए गए नवाचार का सीधा प्रभाव साधारण नागरिक पर पड़ सकता है।

नवाचार करने के लिए पहली आवश्यकता सृजनशीलता की है। जो व्यक्ति सृजनशील शील नहीं है, वह नवाचार करने में भी अधिक समर्थ नहीं हो पाता।

यथा स्थिति बनाए रखने से स्थिति में बदलाव नहीं होता। व्यक्ति चाहे किसी भी क्षेत्र में क्यों ना हो, जब तक नवाचार नहीं करेंगे, तब तक स्थितियों में बदलाव की संभावना नगण्य रहेगी। प्रशासन के संदर्भ में यह बात बहुत सटीक बैठती है। अधिकांश प्रशासक केवल एक नीति को अपनाते हैं कि जैसा चल रहा है, वैसा ही चलते रहने दें। जिनके मन में कुछ करने की ललक होती है और जो शासन का लाभ जनता के वंचित वर्ग तक पहुंचाना चाहते हैं, वही नवाचार के तरीके ढूंढते हैं और ऐसा करने में सफल भी होते हैं।

प्रश्न यह उठता है कि अधिकांश लोग नवाचार क्यों नहीं करते? प्रत्येक व्यक्ति में नवाचार करने की असीम क्षमता होती है, किंतु वे विभिन्न कारणों से ऐसा नहीं करते। हम इन्हीं कारणों का विवेचन करेंगे।

पहला, व्यक्ति अपने प्रयासों के परिणामों के प्रति अति सुनिश्चित होना चाहता है। जब कोई काम पहली बार किया जाता है तो उसके परिणाम में अनिश्चितता का कुछ अंश अवश्य रहता है। जो व्यक्ति कुछ अनिश्चित परिणाम का जोखिम नहीं उठाना चाहते, वे सामान्यतः कभी नवाचार नहीं कर पाते।

दूसरा, नवाचार करने से लोग इसलिए भी हिचकते हैं कि लोग क्या कहेंगे? विश्व में जब भी किसी ने कोई भी काम नई तरीके से किया, तो पहले लोगों ने उसका उपहास किया, भले ही आगे चलकर वह बहुत सफल हुआ हो। जो व्यक्ति लोगों के कहने की बहुत अधिक परवाह करते हैं, वे कभी भी कोई भी काम नए तरीके से करने का जोखिम नहीं ले सकते।

तीसरा, जिस व्यक्ति में असफलता को स्वीकार करने का साहस नहीं हो, वह भी नवाचार नहीं कर सकता। हमारे समाज में सामान्यतः असफलता को एक प्रकार से तिरस्कार की दृष्टि से देखा जाता है। बचपन से ही बच्चों में केवल सफल होने की ही बात बिठा दी जाती है। इस सोच के कारण असफलता का भय बहुत अधिक होता है और यही कारण है कि जब वे बड़े होते हैं, तो वे कोई काम नई तरीके से करने में डरते हैं।

नवाचार करने के लिए जिस गुण की आवश्यकता होती है, वह है सृजनशीलता। सृजनशील व्यक्ति किसी भी स्थिति या समस्या के हल के बारे में कई प्रकार के विकल्प ढूंढ सकता है। हमारी शिक्षा पद्धति कुछ इस प्रकार की है कि वह विद्यार्थी को केवल एक ही दिशा में सोचना सिखाती है। परीक्षा में प्रश्न भी ऐसे पूछे जाते हैं, जिनका एक ही उत्तर सही होता है। सही उत्तर पर पूरे अंक मिलते हैं और गलत विकल्प पर नेगेटिव मार्किंग होती है। इस प्रकार की सोच से व्यक्ति उन समस्याओं का हल तो ढूंढ सकता है जिसका एक ही हल है। इस प्रकार की शिक्षा और परीक्षा पद्धति से लोगों की सोच एक ही दिशा में सोचने की हो जाती है। जब भी परिस्थितियां अलग प्रकार की हों तो ऐसी सोच से हल निकालने में सहायता नहीं मिलती। उदाहरण के लिए, यदि आप किसी को पूछें कि चाय के कप में हैंडल किस साइड में होता है, तो लगभग सभी इसका उत्तर "left" या "right " देंगे जो सत्य नहीं है। ऐसा इसलिए होता है कि उन्हें सदैव दो ही साइड बताई जाती है, "left" और "right "। वे यह नहीं सोच पाते कि साइड "inside" और "outside" भी होती है। यदि वे उत्तर "outside" देते तो वह बिल्कुल सही होता।

सृजनशीलता से अधिकाधिक विकल्प खोज पाने में सहायता मिलती है। दुर्भाग्य से, हमारी शिक्षा पद्धति ने प्रारंभ से ही सृजनशीलता को उभारने के बजाय दबाने का काम किया है। यही कारण है कि विश्व में नोबेल पुरस्कार विजेताओं में भारतीयों की संख्या नगण्य है जबकि छोटे-छोटे देशों में अनेक नोबेल पुरस्कार विजेता हैं। भारत में रहने वाले केवल भारतीय वैज्ञानिक सर सी वी रमन को यह पुरस्कार 1930 में मिला था। उसके बाद किसी को नहीं मिला।

सृजनशीलता के आधार पर अनेक समस्याओं का हल ढूंढने का प्रयास किया जा सकता है और इसका परिणाम नवाचार के रूप में सामने आ सकता है। हम कह सकते हैं कि सृजनशीलता, प्रक्रिया है और नवाचार उसका परिणाम। प्रयास यह होना चाहिए कि व्यक्ति सृजनशील होने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित हो। सृजनशीलता की सहायता से, समस्याओं का हल निकालने की कुछ विशेष तकनीकें हैं जिनका, यहां उल्लेख करना उपयुक्त होगा। इनके उपयोग से सामान्य जन जीवन की समस्या और प्रशासन की समस्याओं का प्रभावी हल निकाला जा सकता है।

**सृजनशीलता के आधार पर अनेक समस्याओं का हल ढूंढने का प्रयास किया जा सकता है और इसका परिणाम नवाचार के रूप में सामने आ सकता है। हम कह सकते हैं कि सृजनशीलता, प्रक्रिया है और नवाचार उसका परिणाम। प्रयास यह होना चाहिए कि व्यक्ति सृजनशील होने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित हो।**

पहली है 'ब्रेनस्टॉर्मिंग' या मानस - मंथन। इस विधि के अंतर्गत, किसी समस्या से जुड़े हुए व्यक्तियों को एक स्थान पर एकत्रित किया जाकर, प्रत्येक से उसका हल सुझाने के लिए कहा जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान, किसी अन्य के दिए गए सुझाव का, तत्काल मूल्यांकन करने से रोका जाता है। कहा जा सकता है कि सरकार की सामान्य बैठकों में यही तो किया जाता है। किंतु इनमें एक बड़ा अंतर है। सरकारी बैठकों में कई बार किसी कनिष्ठ अधिकारी के द्वारा दिए गए सुझाव को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बेतुका या अव्यवहारिक बता कर प्रारंभ में ही खारिज कर दिया जाता है। यदि मानस- मंथन की प्रक्रिया होती, तो ऐसा करना संभव नहीं होता। इसमें प्रत्येक सुझाव को केवल नोट कर लिया जाता है।

एक बार जब सारे सुझाव प्राप्त हो जाएं, तब अंत में एक-एक करके उनका मूल्यांकन करके, श्रेष्ठ विकल्प का चयन किया जाता है। इस विधि से प्राप्त हल, अधिकांशतया नवाचारी और प्रभावी होता है। प्रक्रिया के दौरान मूल्यांकन करने का एक दुष्प्रभाव यह होता है कि कई कनिष्ठ अधिकारी अपनी बात कहने से संकोच करने लगते हैं। अतः, समस्या के बारे में अधिक विकल्प प्राप्त नहीं हो पाते। परिणाम स्वरुप, विभाग किसी भी नए समाधान को प्राप्त करने से वंचित हो जाता है। इस प्रकार की हिचक को निकालने से ही कई नए प्रकार के हल सामने आने की संभावना बनती है और विकल्प भी अधिक उपलब्ध हो जाते हैं। पाठकों के लिए यह जानना दिलचस्प होगा कि इसी तकनीक के प्रयोग का ही परिणाम था कि सोफ्टी आइसक्रीम की शुरुआत हुई। इससे पूर्व सब लोग इस समस्या से जूझ रहे थे कि आइसक्रीम खाने के बाद प्लास्टिक या कांच का निस्तारण किस प्रकार किया जाए? केवल एक ब्रेनस्टॉर्मिंग सत्र से इस गंभीर समस्या का हल निकालने की दिशा में सहायता मिली।

दूसरा प्रमुख तरीका है किसी भी समस्या के बारे में विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछना, जो सामान्यतया नहीं पूछे जाते हैं, जैसे प्रक्रिया को ठीक उल्टा कर दिया जाए तो क्या हो, उसे बहुत छोटा बड़ा कर दिया जाए, तो क्या हो, क्या इस काम को किसी वैकल्पिक तरीके से किया जा सकता है, प्रक्रिया में से कुछ हिस्से हटा दिए जाएं तो क्या हो, कुछ और जोड़ दिये जायें तो क्या हो आदि आदि। वर्तमान स्थिति के बारे में क्या, क्यों, कैसे, कहां, किसके द्वारा, कब, जैसे प्रश्न लगातार पूछे जाने चाहिएं। संभव है, उनके उत्तर में ही वह समाधान छिपा हो, जिसे अपनाने से समय, श्रम एवं धन की बचत हो एवं साथ ही नागरिकों को सुविधा भी हो।

किसी भी विभाग में नवाचार को प्रोत्साहित करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि मानस- मंथन की प्रक्रिया के दौरान वरिष्ठ और कनिष्ठ का अंतर नहीं रखा जाए। कई बार निम्न पायदान के अधिकारी / कर्मचारी भी कुछ ऐसे हल सुझा सकते हैं जो शायद बड़े-बड़े अधिकारियों के ध्यान में नहीं आया हो, क्योंकि ये लोग दिन प्रतिदिन जनता के संपर्क में अधिक आते हैं और वे समस्याओं से भली भांति परिचित भी होते हैं। किसी भी समस्या का नवाचारी हल निकालने के लिए अत्यंत आवश्यक है कि समस्या का समाधान केवल लक्षण के आधार पर करने के बजाय, उसकी जड़ में जाने का प्रयास किया जाए। वरना ऐसा ही होगा, जैसे किसी समस्या रुपी पेड़ के पत्तों को तोड़ा भी जाए तो पत्ते फिर उग आएंगे और समस्या पहले से भी विकराल रूप धारण कर लेगी। आवश्यकता, समस्या की जड़ पर प्रहार करने की है।


नवाचार की प्रवृत्ति, उस विभाग अथवा संस्थान में अधिक होगी, जहां कार्यरत अधिकारियों/कार्मिकों को यह डर नहीं हो कि उनके द्वारा किए गए किसी नवाचार के असफल हो जाने पर उन्हें दंडित किया जाएगा। जैसा कि ऊपर लिखा है, किसी भी कार्य को पहली बार करने से उसके सफल अथवा असफल होने, दोनों की संभावना होती है। यदि किसी अधिकारी का नवाचार असफल होने पर उसे दंडित नहीं किया जाएगा एवं उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी तो सरकार के विभागों में नए-नए हल लागू करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में, अधिकांश राजकीय अधिकारी, यहां तक कि विभागाध्यक्ष /सचिव भी यथा स्थिति बनाए रखने में विश्वास रखते हैं, क्योंकि ऐसा करने से उन्हें किसी प्रकार का जोखिम नहीं उठाना पड़ता। यह जनहित में कतई नहीं है, क्योंकि समय के साथ-साथ समस्याओं का स्वरूप बदलता रहता है और उसी के अनुरूप उनके समाधान भी बदलने की आवश्यकता पड़ती है।

नवाचार उस क्षेत्र में अधिक होता है जहां प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक होती है, क्योंकि किसी भी क्षेत्र में टिके रहने के लिए भी अपने काम करने के तरीकों में निरंतर बदलाव की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकारी विभागों के समक्ष कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होती, अतः वहां नवाचार करने पर दबाव भी कम होता है। पाठकों को याद होगा जब लाइसेंस, कोटा और एकाधिकार का समय था, तब किसी भी व्यवसाई ने नवाचार करने की आवश्यकता नहीं समझी। पहले केवल एम्बेसेडर कार होती थी, तो उसमें बहुत अधिक संशोधन या उसे बेहतर बनाने हेतु निर्माताओं पर दबाव नहीं था। दूरभाष भी केवल सरकार का ही आता था। जनता के पास कोई विकल्प न होने के कारण, उन पर सुधार हेतु कोई दबाव नहीं था। जैसे ही 1991 के उदारीकरण के बाद हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ी, तो सभी को अपने-अपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा चाहे वे बैंक हों या टेलीफोन विभाग। जिन्होंने इस बदलाव को पहचान कर नवाचार नहीं किए, वे अप्रासंगिक से हो गए।

आइए हम सब निजी और सरकारी, प्रत्येक क्षेत्र में 'आउट ऑफ बॉक्स' सोचने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करें, ताकि अपने काम करने के तरीकों में नवाचार के माध्यम से निरंतर सुधार कर सकें एवं स्वयं को प्रतिस्पर्धी युग में प्रासंगिक बनाए रख सकें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# छात्रसंघ नहीं, छात्र संसद होनी चाहिए



राजेश्वरसिंह

विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में छात्र समुदाय के प्रतिनिधि निकाय के रूप में छात्रसंघ के निर्वाचन का उद्देश्य छात्रों की समस्याओं की तरफ प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर उनके समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित कर उन्हें भविष्य के जागरूक व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रशिक्षित व विकसित करना है। इसका सुखद परिणाम यह रहा है कि छात्रों द्वारा अनुभूत की जा रही समस्याओं के विकराल रूप धारण करने से पूर्व ही छात्रसंघ पदाधिकारियों द्वारा समाधानमूलक प्रयास कर लिया जाता है। इसके अतिरिक्त अनेकानेक छात्रसंघ पदाधिकारियों द्वारा उनके कार्यकाल में अर्जित अनुभव, पहचान, प्रतिष्ठा और लोकप्रियता के आधार पर जन राजनीतिक जीवन में उल्लेखनीय सफलताएँ और महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अर्जित की गई हैं। पंचायतीराज संस्थाओं, नगरीय निकायों और सहकारी संस्थाओं से लेकर विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव में भी पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारियों ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

छात्रसंघ की सांगठनिक संरचना पर अगर दृष्टिपात किया जाए तो पूरे देश में एक समान पैटर्न दृष्टिगोचर होता है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव तथा संयुक्त सचिव जैसे पदों का प्रत्यक्ष निर्वाचन होता है, जिसमें विश्वविद्यालय, महाविद्यालय के सभी छात्र मतदाता के रूप में सहभागी होते हैं, साथ ही समानांतर रूप से छात्र प्रतिनिधि सभा अथवा छात्र महासमिति का चुनाव भी होता है, जिससे चुने हुए कक्षा प्रतिनिधि सदस्य होते हैं। सैद्धांतिक रूप से छात्रसंघ के पदाधिकारी अथवा कार्य समिति उक्त छात्र प्रतिनिधि सभा अथवा छात्र महासमिति के प्रति उत्तरदायी होते हैं किंतु व्यावहारिक रूप से उक्त सदन पर्याप्त रूप से सक्रिय प्रतीत नहीं होता।

छात्रसंघों की उपर्युक्त कार्य पद्धति वस्तुतः अध्यक्षात्मक अथवा कार्यपालक राष्ट्रपति पद्धति के ज्यादा समीप प्रतीत होती है जबकि भारत की संविधान सभा ने व्यापक और विस्तृत विचार विमर्श के उपरांत देश की शासन पद्धति के रूप में संसदीय शासन प्रणाली को स्वीकार एवं अंगीकार किया था। सामूहिक नेतृत्व एवं उत्तरदायित्व तथा विमर्श मूलक निर्णय पद्धति संसदीय लोकतंत्र की प्राणवायु तथा मूलाधार है। यदि हम छात्र प्रतिनिधियों को भविष्य में संसदीय लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिकाओं के निर्वहन के लिए तैयार करना चाहते हैं तो हमें छात्रसंघों की सांगठनिक संरचना को भी इसी अनुरूप संशोधित, परिवर्धित और विनियमित करना चाहिए।

इसके लिए आवश्यक है कि समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ के स्थान पर छात्र संसद स्थापित की जावे, जिसमें चुने हुए कक्षा प्रतिनिधि सदस्य हो। उक्त छात्र संसद अपनी प्रथम बैठक में सभापति (स्पीकर), उपसभापति (डेप्युटी स्पीकर) तथा छात्र प्रमुख (प्रीमियर) का चुनाव करे तथा छात्र प्रमुख कक्षा प्रतिनिधियों में से छात्र मंत्रिमंडल का मनोनयन करे जिसमें वित्त, शिक्षा, क्रीड़ा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुस्तकालय इत्यादि विभागों के पृथक-पृथक मंत्री एवं उप मंत्री हों। संसदीय लोकतंत्र की तरह छात्र मंत्रिमंडल भी छात्र संसद के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी हो तथा सामूहिक नेतृत्व एवं विमर्श मूलक निर्णय पद्धति के आधार पर अपनी कार्यप्रणाली का संचालन करें।

अध्यक्षात्मक के बजाय संसदीय प्रणाली अपनाने से छात्र निकायों में वास्तविक एवं यथार्थ रूप से विमर्श मूलक लोकतांत्रिक प्रक्रिया लागू होगी तथा विभिन्न मुद्दों पर तर्क आधारित विचार विनिमय की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा संसदीय प्रणाली में छात्र प्रमुख के अलावा सभापति, उपसभापति, अन्य विभागीय मंत्रियों एवं उपमंत्रियों को अपनी प्रतिभा एवं कार्य क्षमता के समुचित प्रदर्शन का सुअवसर प्राप्त होगा जिससे उनकी एक विशिष्ट पहचान कायम होगी तथा भविष्य का अनुभवी एवं परिपक्व नेतृत्व तैयार होगा।

छात्र संसद के सदस्य के रूप में कक्षा प्रतिनिधियों को भी इसकी बैठकों में यथार्थपरक एवं औचित्यपूर्ण मुद्दे उठाने तथा अपनी वक्तृत्व क्षमता के प्रदर्शन एवं परिष्कार का अवसर मिलेगा जिससे उनमे अध्ययन एवं विश्लेषण की प्रवृत्ति विकसित होगी तथा वे संवाद, प्रस्तुतीकरण व व्याख्यान कला में दक्षता अर्जित कर सकेंगे।

संसदीय प्रणाली अपनाने तथा छात्र प्रमुख के अप्रत्यक्ष चुनाव का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि लिंगदोह कमेटी की सिफ़ारिशें, जो वास्तव में कागज पर सिमट कर रह गई है, उनको वास्तविक रूप से धरातल पर लागू किया जा सकेगा तथा इससे छात्र निकाय के चुनाव में धन-बल के प्रयोग को भी नियंत्रित किया जा सकेगा।

ऐसा नहीं है कि देश में इस तरह की व्यवस्था मौजूद नहीं है। दिल्ली के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज में छात्र संसद की व्यवस्था संस्था के स्थापना काल से ही अस्तित्व में है और आज तक निरंतरता एवं कुशलतापूर्वक संचालित हो रही है। आवश्यकता इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से देश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में लागू करने की है ताकि इन संस्थाओं के छात्र निकायों में वास्तविक रूप से संसदीय लोकतांत्रिक, सर्व समावेशी, तर्क आधारित एवं विमर्शमूलक परिवेश की संरचना की जा सके। यह परिवर्तन छात्र राजनीति के वर्तमान स्वरूप एवं भारतीय राजनीति के भावी स्वरूप में समग्र क्रांति या आमूल चूल परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु बन सकता है।

**–राजेश्वरसिंह,**
**आइएएस ( सेवानिवृत्त )**

# मांची गांव में 10 दिन से सर्पदंश की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत

## सांप ने एक महिला को और काटा, अचेत महिला को करौली सामान्य चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड में उपचार के लिए भर्ती कराया

**करौली, (निसं)।** करौली के निकटवर्ती मांची गांव में गत 10 दिन से सर्पदंश की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में है। सोमवार को प्रातः भी एक महिला के सांप के काट लेने से लोग भयभीत हैं।

जानकारी के अनुसार करौली के समीप मांची गांव में सोमवार को प्रातः महिला गीता देवी अपने घर पर ही थी। इस दौरान निकले सांप ने उसे डस लिया जिससे वह अचेत हो गई। परिवारजन उसे करौली सामान्य चिकित्सालय लेकर आए, जहां उसे आईसीयू वार्ड में उपचार के लिए भर्ती कराया। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीण भयभीत से दिखाई दे रहे हैं।



**सांप के काटने से अचेत महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।**

मांची गांव में लगातार हो रही सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि गांव में सांपों की अधिकता की सूचना पर चार कार्मिकों की टीम गठित की गई और करीब आधा दर्जन से अधिक सांपों को पड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। यही नहीं करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निवास पर रविवार को लोन में एक लंबा सांप निकला, जिससे अफरा-तफरी सी मच गई। पास ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आवास से उनके गनमैन प्रधान गुर्जर, वाहन चालक पुष्पेंद्र सहित पुलिस अधीक्षक के गार्ड ने सांप को पकड़कर प्लास्टिक के कट्टे में बंदकर जंगल में छोड़ा। वहीं सोमवार को करौली पुलिस अधीक्षक कार्यालय के साइबर सेल में भी एक लंबा सांप निकला, जिसे देखकर पुलिसकर्मियों में अफरा-तफरी सी मच गई। इस दौरान एक जवान ने सांप को पकडकर दूर ले जाकर छोड़ा।

जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को भी पुष्पेंद्र तथा उसके पुत्र गर्वित कमरे के बेड पर सो रहे थे। इस दौरान रात करीब दो बजे सांप ने पिता-पुत्र को डस लिया था। परिवारजन चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां पुत्र की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया जबकि पिता की उपचार के दौरान 14 अक्टूबर को मौत हो गई। मृतक पुष्पेंद्र के छोटे भाई नगेंद्र ने बताया कि परिवार में शोक के चलते वह चाचा बाबू सिंह उर्फ मानसिंह तथा उनके पुत्र दीपेंद्र के साथ मंगलवार रात को मकान के कमरे में जमीन पर पास में ही सो रहे थे। रात करीब चार बजे सर्प ने दीपेंद्र के पैर में काट लिया नगेंद्र ने बताया कि सर्प बाबू सिंह की छाती के उपर से निकाला और उसके नगेंद्र के सीने के ऊपर से गुजर गया इसके बाद प्रातः करीब आठ बजे परिवारजन पीड़ितों को लेकर सामान्य चिकित्सालय पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें भी आईसीयू वार्ड में भर्ती कर लिया।

दूसरी ओर इसी परिवार से करीब 100 मीटर दूर रहने वाली महिला अंकिता को भी गत बुधवार को प्रातः छह बजे सर्प ने काट लिया जिसे करौली अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना भी अस्पताल पहुंचे और सर्पदंश से पीड़ितों के लिये चिकित्सकों को बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए।

# अनुभव प्रमाण पत्र को आधार बनाकर आवेदन खारिज नहीं करें : राजस्थान हाईकोर्ट

■ **कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पुनः सत्यापन रिपोर्ट आवेदक के पक्ष में आने पर उसे बोनस अंक भी दिए जाएंगे**

**जोधपुर, (कास)।** राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायाधिपति विनीत कुमार माथुर ने एक आदेश पारित कर हनुमानगढ़ के संविदा नर्सिंगकर्मी पवन कुमार शर्मा को अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर नियमित सीधी भर्ती नर्सिंग ऑफिसर के लिए विचार करने के आदेश पारित किए।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हनुमानगढ़ ने शहीद भगत सिंह प्लेसमेंट एजेंसी से अगस्त 2016 में एक पत्र लिखकर चिकित्सा विभाग में ईसीजी कार्य करने वाले और नर्सिंगकर्मी के लिए योग्य व्यक्तियों के नाम मांगे। प्लेसमेंट एजेंसी ने 12 अगस्त 2016 को पवन कुमार शर्मा नर्सिंग कर्मचारी का नाम प्रस्तावित कर दिया। 16 अगस्त 2016 को पवन कुमार को संविदा पर नर्सिंगकर्मी के पद पर जॉइनिंग दी गई। तब से वह निरंतर चिकित्सा विभाग में कार्य कर रहा है। 5 मई 2023 को नर्सिंग ऑफिसर भर्ती, 2023 के लिए राज्य सरकार ने विज्ञिप्त जारी की, जिसमें पूर्व में पद स्थापित संविदा नर्सिंग कर्मियों को बोनस अंक का प्रावधान किया गया। प्रार्थी पवन कुमार शर्मा को 2016 से कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हनुमानगढ़ ने जारी किया। उसी आधार पर प्रार्थी का नाम नर्सिंग ऑफिसर पद पर नियुक्ति हेतु प्रक्रियाधीन था, परंतु निदेशक राजस्थान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान जयपुर ने प्रार्थी की संविदा नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए अनुभव प्रमाण पत्र का पुनः सत्यापन करवाया। इसमें भी प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हनुमानगढ़ ने प्रार्थी को नर्सिंगकर्मी का अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया। परंतु निदेशक कार्यालय ने उसकी नियुक्ति संबंधी पत्रावली को विचाराधीन रख लिया और कोई निर्णय नहीं किया।

इस पर प्रार्थी पवन कुमार शर्मा ने राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में एडवोकेट एसडी गोस्वामी के माध्यम से याचिका दायर कर निवेदन किया कि प्रार्थी प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हनुमानगढ़ द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र माना जावे। इस पर उच्च न्यायालय जोधपुर ने आदेश पारित कर राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे आवेदक द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर उसकी नियुक्ति के मामले पर विचार करे। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर आवेदक की उम्मीदवारी को खारिज नहीं किया जाएगा, तथा पुनः सत्यापन रिपोर्ट आवेदक के पक्ष में आने पर उसे बोनस अंक भी दिए जाएंगे।

## राशिफल मंगलवार 22 अक्टूबर, 2024



पंडित अनिल शर्मा


कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, आर्द्रा नक्षत्र बुधवार प्रातः 5:39 तक, परिद्य योग प्रातः 8:46 तक, गर करण दिन 1:39 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-कर्क, बुध-तुला, गुरू-वृष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से बुधवार प्रातः 5:51 तक है। रवियोग बुधवार प्रातः 5:51 तक है। भद्रा रात्रि 1:24 से आरम्भ होगी। आज सायन वृश्चिक में सूर्य प्रवेश रात्रि 3:46 पर होगा। आज हेमंत ऋतु आरम्भ होगी।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:23 से 10:47 तक, लाभ-अमृत 10:47 से 1:36 तक, शुभ 3:00 से 4:24 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:34, सूर्यास्त 5:48




**मेष**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृष**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। आपसी मतभेद समाप्त होंगे।




**मिथुन**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित धन प्राप्त होगा।



**कर्क**

व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें।




**सिंह**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कन्या**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**तुला**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**वृश्चिक**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**धनु**

घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।




**मकर**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कुंभ**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी और धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



सरस
अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., अजमेर
(ISO 22000:20018 प्रमाणित संगठन)
मिलावट खोरों से सावधान, पूजा एवं दैनिक जीवन में सरस शुद्ध ताजा दूध एवं दुग्ध के उत्पाद (घी) उपयोग करें
अजमेर डेयरी की सरस आईसक्रीम
बटर स्कोच, केसर पिस्ता, काजू द्राक्ष, चॉकलेट, वनीला, स्ट्रॉबेरी फ्लेवर्स
कोन आईसक्रीम, बटर स्कोच, चॉकलेट, वनीला, स्ट्रॉबेरी फ्लेवर्स
कैंडी, चॉकलेट, मैंगो, ऑरेंज, रोज़
आईसक्रीम ब्रिक फैमिली पैक वनीला, केसर पिस्ता, स्ट्रॉबेरी, बटर स्कोच फ्लेवर्स
सरस फ्लेवर्ड मिल्क
इलायची
हापुस मैंगो
रोज़
केसर
स्ट्रॉबेरी
मटका दही
पैक्ड पॉश्च्युराईज्ड सरस दूध की किस्में
डबल टोण्ड
टोण्ड
स्टेण्डराईज्ड
गोल्ड
चाय साथी
200 मि.ली., 1/2 लीटर, 1 लीटर एवं 6 लीटर पैकिंग में उपलब्ध
सरस फरमेन्टेड (जावण दुग्ध उत्पाद)
सादा छाछ 500 मि.ली.
नमकीन छाछ 200 मि.ली.
लस्सी 200 मि.ली.
दही (कप) 200 ग्राम
दही (पाउच) 500 ग्राम
पैकिंग में उपलब्ध
श्री खण्ड 100 ग्राम / 500 ग्राम
सरस दीर्घावधि उत्पाद
बटर - 100 ग्राम, 500 ग्राम
व्हाइट बटर - 15 कि.ग्रा. के स्लेब्स में उपलब्ध
सरस कॉग्युलेटेड एवं खोया उत्पाद
पनीर 200 ग्राम एवं 1 कि.ग्रा.
फीका मावा 200 ग्राम एवं 1 कि.ग्रा.
बर्फी 250 ग्राम एवं 500 ग्राम
पेड़ा 250 ग्राम एवं 500 ग्राम पैकिंग में उपलब्ध
स्वादिष्ट नवीन उत्पाद
मैंगो डॉली
स्वादिष्ट नवीन उत्पाद
पुदीना छाछ
सरस घी
1/2 लीटर
1 लीटर पॉलीपैक
5 लीटर टिन
15 कि.ग्रा. टिन पैकिंग
1/2 लीटर
1 लीटर
5 लीटर
15 किलो
सरस दुग्ध पाउडर
1. स्कीम्ड मिल्क पाउडर 3 ग्राम, 5 ग्राम, 8 ग्राम, 500 ग्राम, 25 कि.ग्रा. पैकिंग
2. डेयरी व्हाईटनर - 400, 1 कि.ग्रा., 25 कि.ग्रा. पैकिंग
3. हॉल मिल्क पाउडर - 25 कि.ग्रा. पैकिंग
4. बेबी फूड पाउडर - 500 ग्राम, 1 कि.ग्रा. टिन पैकिंग
सरस, दूध एवं दुग्ध उत्पादों हेतु मोबाईल (चलायमान) बिक्री केन्द्रों हेतु (ई-रिक्शा, ट्रॉय साइकिल आदि) जिसमें प्रशीतन की सुविधा हो पूछताछ आमंत्रित की जाती है।
विशेष निवेदन
1. उपरोक्त उत्पादों का नए संयंत्र से निर्माण आरंभ हो चुका है जिन्हें रियायती दर पर उपलब्ध करवाया जाएगा।
2. पहले आओ-पहले पाओ, जो भी उपरोक्त उत्पाद का डीलरशिप लेना चाहता है सम्पर्क सूत्र मो.नं. 9001894865 एवं 9928191944 प्रत्येक उत्पाद पर आकर्षक कमीशन दिया जाएगा। जिला / अन्तरजिला / प्रादेशिक डीलरशिप हेतु पूछताछ आमंत्रित है।
3. समस्त होटल / बेकरी प्रतिष्ठान / मॉल (मॉर्डन ट्रेड) / सहकारी भण्डार एवं बीएमसी (बल्क मिल्क कूलर) संचालकों से निवेदन है कि नवीन तकनीक द्वारा निर्मित उत्पादों का भरपूर लाभ उठाएं।
व्यापारिक पूछताछ हेतु अजमेर जिले एवं अन्य जिले के व्यापारीगण सभी आमंत्रित हैं फोन : 0145-2440013 / 2440027, 18001806082

## पोस्टर का विमोचन

**सादुलपुर,** (निसं)। लोगों के स्वास्थ्य, मानवता, शिक्षा के प्रति के जागरूकता बढ़ाने के लिए इंसानियत व्यायाम समूह की शुरुआत की गई। सोमवार दोपहर को तीन बजे के करीबन जिसके पोस्टर का विमोचन किया गया। इंसानियत व्यायाम समूह की शुरुआत इमरान खींची, अरशद बेग व मोहम्मद सलीम ने की। धीरे-धीरे जागरूकता बढ़ने के कारण लगभग 20 से ज्यादा लोग जुड गए है।

लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए राजगढ़ तहसीलदार इमरान पठान, रिटायर्ड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियाज मोहम्मद गहलोत व हनीफ शेख द्वारा इंसानियत व्यायाम समूह के पोस्टर का विमोचन किया गया। वहीं अतिथियों द्वारा व्यायाम से होने वाले फायदे के बारे बताया गया। समूह के सभी सदस्यों द्वारा अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। गौरतलब है कि इंसानियत व्यायाम समूह का शुभारंभ 14 सितम्बर 2024 को किया गया था, तभी इस समूह की शुरूआत की गई है। इस दौरान व्याख्याता गजेंद्र सिंह बोद्ध, कलम मेन मोहसिन शेख, कयूम बिल्लू, बासित अली, यूनस खत्री, आफता इंसानियत व्यायाम समूह के सदस्य उपस्थित थे।

# नगरपरिषद के प्रशासन ने अंधेरे में डूबी सड़क की कोई सुध नहीं ली

**चूरू,** (कासं.)। नगरपरिषद सभापति पायल सैनी के कहने के तीन दिन बाद भी नगरपरिषद के प्रशासन ने अंधेरे में डूबी भालेरी रोड़ की कोई सुध नहीं ली है। यहां लम्बे समय से अंधेरा बरकरार है। इस मार्ग पर आपणी योजना, आवासन मण्डल कार्यालय, पंचायत समिति, रीको कार्यालय, जलदाय विभाग गामीण कार्यालय, जिला कारागृह, भारतीय खाद्य निगम गोदाम, सर्किट हाऊस आदि महत्वपूर्ण विभाग स्थित हैं। इसी प्रकार जिला मुख्यालय पर स्थित सीएम बहड़ मार्ग भी रात्रि के समय अंधेरे में ही रहता है। सीएम बहड़ मार्ग और भालेरी रोड़ के बीचों-बीच सड़क पर रोशनी करने के लिए बिजली के खम्भे लगे हुए हैं। उन पर लाईटें भी लगी हुई हैं, लेकिन नगरपरिषद के प्रशासन की अनदेखी के कारण ये सड़कें रोशनी से वंचित हैं। यही हाल पंचायत समिति से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की



**चूरू में प्रशासन की अनदेखी के कारण भालेरी रोड़ और सीएम बहड़ मार्ग रात्रि के समय अंधेरे में डूबा रहता है। कोई सुध लेने वाला नहीं है।**

ओर जाने वाली सड़क का है। पिछले दिनों नगरपरिषद में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस संबंध में सभापति पायल सैनी को अवगत भी करवाया गया था। पायल सैनी ने इन सड़कों का अंधेरा मिटाने की बात भी कही थी। दुर्भाग्य इस बात का है कि उनके कहने के बाद भी सड़कों पर अंधेरा कायम है। आमजन बहुत परेशान है। इन मार्गों पर असामाजिक तत्वों के कारण शाम ढलने के बाद तो महिलाओं का गुजरना तो बहुत मुश्किल और खतरे का काम हो गया है। अब सर्दी का मौसम शुरू हो रहा है। ऐसे में यहां रोड़ लाईट की व्यवस्था अतिः आवश्यक काम है। आपणी योजना जहां कलैक्टर अभिषेक सुराणा खुद बैठते हैं, वे भालेरी रोड़ और सीएम बहड़ मार्ग से ही अपने ऑफिस में आते-जाते हैं। सड़क भी अंधेरे में ही देखी जा सकती है। हालांकि वे 'सुधियां-सुधियां' ही चले जाते होंगे। इतना ही नहीं कलैक्टर और एसपी निवास के आगे भी रोड़ लाईट चस-भुज करती रहती है। कुल मिलाकर नगरपरिषद का प्रशासन नहीं चाहता कि सीएम बहड़ रोड़ और भालेरी रोड़ पर रोशनी हो, अगर चाहते तो यहां अंधेरा कभी का मिट गया होता। संबंधित जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारियों को कोई कहने-सुनने वाला नहीं है। सब अपनी मर्जी के मालिक बने हुए हैं।

- **मार्ग पर आपणी योजना, आवासन मण्डल कार्यालय, पंचायत समिति, रीको कार्यालय, जलदाय विभाग गामीण कार्यालय, जिला कारागृह, भारतीय खाद्य निगम गोदाम, सर्किट हाऊस आदि महत्वपूर्ण विभाग स्थित हैं**

उन्होंने सोच लिया कि सीएम बहड़ मार्ग को आपणी योजना तक अंधेरे में रखना है तो अंधेरे में ही रखेंगे। वे 'फिट्टे' हो चुके हैं। किसी के भी कहे-सुने का कोई असर नहीं हो रही है। परेशान आमजन जाए तो कहां जाए।

## सार-समाचार

### टीम के आते ही दुकानदारों में हड़कंप मचा एक्सपायरी डेट का सामान नष्ट करवाया



**मंडावा,** (निसं)। खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित टीम ने शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सोमवार को मंडावा में दुकानों पर छापेमारी की। मोबाइल फूड टेस्टिंग टीम के आते ही बाजार में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद करके चले गए। लैब टेक्नीशियन सोनू पचार ने मुख्य बाजार में स्थित गणेश मिष्ठान भंडार, केडिया जनरल स्टोर, शिव मिष्ठान भंडार सहित सुभाष चौक पर दुकानों पर जांच की। वहीं जांच के दौरान पाए गए एक्सपायरी डेट के समान व मिठाई को नष्ट मौके पर ही करवाया गया तथा मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब वैन में मिठाई के सैंपल लेकर जांच की गई। जांच रिपोर्ट में मिलावट पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। पचार ने बताया कि यह दीपावली तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा। दीपावली पर आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता बढ़ा दी गई है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि खाद्य सामग्री विक्रेता मिलावटी सामान न बेच सकें। शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत विभाग द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख के एडुस्फेर इंस्टिट्यूट में द्वितीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह 9 बजे से लेकर शाम चार बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जतन सिंह ने सोमवार को पांच बजे के लगभग दी जानकारी में बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिद्धमुख की एडुस्फेर इंस्टिट्यूट में आयोजित इस रक्तदान शिविर में 51 रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इसी दौरान रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था संचालक संजय दत्त ने बताया कि हम समय-समय पर रक्तदान कर कई जिंदगियां बचा सकते है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति को जरूरत के अनुसार रक्तदान जरूर करना चाहिए। संजय दत्त ने बताया कि रक्तदान से कई चिकित्सीय लाभ मिलते हैं, जिनमें रक्त में लौह स्तर को नियंत्रित करना, दिल के दौरे और हृदय संबंधी दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करना आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं या प्राकृतिक आपदाओं के परिणामस्वरूप गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को हमें जरूर रक्तदान करना चाहिए, इससे बडा कोई दान नहीं होता है।

### पुलिस लाइन में बनेगा शहीद स्मारक

**झुंझुनूं,** (निसं)। सीकर रोड स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस शहीद दिवस मनाया गया। इस मौके पर एसपी शरद चौधरी ने देश सेवा और रक्षा में शहीद हुए सभी पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया। इसके बाद झुंझुनूं जिले के शहीद कांस्टेबल चंद्रभान सिंह के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले सभी शहीदों को पुलिस टुकड़ी द्वारा तीन राउंड फायर कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एसपी शरद चौधरी, एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत, सिकाऊ एएसपी फूलचंद मीणा समेत पुलिसकर्मियों ने भी शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद एसपी ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया तथा पुलिस लाइन में स्थित स्मृति वन में पौधारोपण किया गया। एसपी शरद चौधरी ने कहा की पुलिस लाइन स्थित शहीद पार्क में शहीद स्मारक बनाया जाएगा। इस मौके पर 36 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

### नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर कल

**रतनगढ़,**(निसं)माहेश्वरी सभा ट्रूस्ट, स्व पृथ्वीराज कड़ेल के परिवारजनों द्वारा, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन दिनांक 23 अक्टूबर वार बुधवार को माहेश्वरी भवन, रामचंद्र पार्क के पास होगा। शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बजे सर्व समाज के अध्यक्षो द्वारा किया जायेगा। शिविर में मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता निःशुल्क रहेगी। पंजीयन के लिए रोगी अपने आधार कार्ड की दो फोटो कॉपी साथ लावे।

### चूरू में बूंदाबांदी हुई

**चूरू,** (कासं.)। शेखावाटी में आज दोपहर तक उमस रही। उसके बाद बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। चूरू में हुई बूंदाबांदी के बाद मौसम सुहावना बन गया। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में सोमवार को न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। पिछले दिवस की तुलना में आज यहां न्यूनतम तापमान में 1.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। जबकि अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। रात्रि के समय हल्की सर्दी महसूस होने लगी है। उधर किसान खेतों में फसल एकत्रित करने में लगे हुए हैं। बारिश होने पर बिरानी चने की फसल बोएंगे।

## 29 अक्टूबर को सीकर शहर में होगी स्वीप मैराथन

- **मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए किया जाएगा प्रेरित**

**सीकर,** । मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर 2024 से शुरू होगा।विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 29 अक्टूबर 2024 से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने के लिए मैराथन, साइकिल रैली, ट्राई साइकिल रैली, प्रभात फेरी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस संबंध में सोमवार को जिला परिषद के सीईओ राजपाल यादव ने बैठक आयोजित कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कार्यक्रम के तहत 29 अक्टूबर 2024 को प्रातः 7:30 बजे मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मैराथन कोकलेक्ट्रेट परिसर से शुरू कर डीईओ माध्यमिक कार्यालय बजाज सर्किल पर समापन किया जाएगा। मैराथन में जिला स्तरीय अधिकारी-कार्मिक सहित विभिन्न विभागों के कार्मिक, आमजन, स्कूली बच्चे, स्काउट एवं एनसीसी के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में शहरवासी भाग लेंगे। मैराथन रैली को सफल बनाने के लिए सोमवार को जिला परिषद के सीईओ राजपाल यादव ने बैठक लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शीशराम कुल्हरी, जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार लाटा, एपीआरओ राकेश कुमार ढाका, सहायक निदेशक राकेश गढ़वाल, मुकेश कुमार सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## यूनाइटेड नेशन्स 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया


**बलवंतपुरा,** । डूंडलोद गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने नई दिल्ली में आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशन्स 2024 में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित मंच पर छात्राओं ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के रूप में वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया। विद्यालय प्राचार्या इंदू सोनी ने बताया कि इस बार मॉडल यूनाइटेड नेशन्स के वार्षिक सम्मेलन में देश के विभिन्न स्कूलों के 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें डूंडलोद गर्ल्स स्कूल की 10 छात्राओं ने इस प्रतिष्ठित मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दो छात्राओं नव्या व अनुश्री को ऑनरेबल मेंशन का सम्मान मिला तदुपरांत छात्राओं ने संसद भवन का भ्रमण किया। व वहां की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी हासिल की। प्राचार्या इंदू सोनी ने प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और कहा कि हम अपनी छात्राओं की उपलब्धियों पर गर्व महसूस करते हैं।

# 'हर खेत को पानी मांग पर सरकार पर बनाएंगे दबाव'

**झुंझुनूं,** । भारतीय किसान संघ किसानों की मांगों को लेकर प्रदेश सरकार पर दबाव बनाएगा। वहीं जरूरत पड़ी तो आंदोलन जैसे कदम भी उठाए जाएंगे। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. पवन चौधरी ने यह जानकारी सोमवार को झुंझुनूं में प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि हर खेत में सिंचाई और पीने का पानी पहुंचाने, किसानों को लंबित पड़े मुआवजे की

- **भारतीय किसान संघ ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी**

राशि शीघ्र जारी करने, डीएपी की कालाबाजारी रोककर किसानों तक आसानी से डीएपी मुहैया करवाने, किसानों को बिना ट्रिपिंग के आठ घंटे बिजली देने, सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर किसानी करते वक्त किसानों की मृत्यु पर इंश्योरेंस राशि देने जैसी





**भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. पवन चौधरी ने प्रेस वार्ता की ।**

मांगों को लेकर तहसील से लेकर प्रदेश स्तर तक मांग की गई है। उन्होंने बताया किसान संघ हर गांव और ढाणी तक एक संगठन खड़ा कर आने वाले दिनों में इन मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाएगा और किसान हित में सरकार को फैसले लेने के लिए विवश करेगा। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं जिले में किसान बहुत त्रस्त है। किसान, किसानी छोड़कर पलायन करने पर मजबूर है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर जिला मंत्री गुगनराम, जिला प्रचार प्रमुख नरेश चौधरी, बिसाऊ तहसील अध्यक्ष सुरेश चौधरी, पिलानी तहसील अध्यक्ष मोहर सिंह, सूरजगढ़ तहसील अध्यक्ष बानबीर आदि जिला कार्यकारणी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सम्पर्क पोर्टल के प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

- **जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित**

**सीकर,** । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के साथ ही जिले में लोकायुक्त, मुख्यमंत्री कार्यालय,सतर्कता समिति के बकाया सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाकर जवाब भिजवाये जाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर शर्मा ने सभी अधिकारियों को ई-फाइल के निस्तारण में एवरेज डिस्पोजल टाइम को कम करने के संबंध में निर्देशित किया साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दीपावली के त्यौहार के मध्य नजर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले दुकानदारों, दुकानों एवं संस्थानों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने मिलावटी मावा,मिठाई, खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेकर जांच करने के साथ ही छापामार की प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर शर्मा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों को मुख्यमंत्री बजट घोषणा में भू-आवंटन के प्रस्ताव भिजवाने के साथ ही भू-आवंटन की प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सार्वजनिक निमार्ण विभाग को लक्ष्मणगढ़ से बगड़ी तक गैर मुमकिन रास्ते के संबंध में पूर्व में रही कमियों को दूर करवाते हुए डायवर्जन के प्रकरण का निस्तारण करने के लिए उपवन संरक्षक से समन्वय कर मौके पर जाकर डायवर्जन के प्रस्ताव तैयार करते हुए आगामी बैठक में प्रगति रिपोर्ट से अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि शिक्षा विभाग को उपलब्ध करवाई गई ब्ल्यू व पिंक आयरन फोलिकएसिड टेबलेट्स् में पिंक टेबलेट की आपूर्ति करने के संबंध में शिक्षा विभाग अपने क्षेत्र के बीसीएमएचओं से समन्वय कर आपूति सुनिश्चित करावें। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद को दीपावली के त्यौंहार पर शहर में साफ-सफाई, नालियों की साफ-सफाई, शहर में सभी दुकानों के बाहर बडे कचरा पात्र रखने के निर्देश दिए।

## चौथे दिन केशवानन्द ने जीते 11 मैडल

**सीकर।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर ने खिलाडियों ने 68वीं जिला स्तरीय ऐथेलेटिक्स पोलवॉट में 17 व 19 दोनो आयु वर्गो में गोल्ड पर कब्जा जमाया। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि गुंगारा में आयोजित 68वीं ऐथेलेटिक्स प्रतियोगिता में पोलवॉट इंवेट में 17 वर्ष बालक वर्ग में केशवानन्द के प्रदीप यादव ने गोल्ड मैडल हासिल किया। 19 वर्ष बालक वर्ग में अमन यादव ने गोल्ड मैडल पर कब्जा किया वहीं प्रमोद गुर्जर ने सिल्वर मैडल पर अपना कब्जा जमाया। 4गुणा400 मी. रीले रेस में केशवानन्द ने गोल्ड मैडल हासिल किया। 19 वर्ष बालक वर्ग 400मी. बाधा दौड में आर्यन सैनी ने गोल्ड मैडल हासिल किया। 17 वर्ष बालक वर्ग 400मी. बाधा दौड में हेमंत बघेल ने गोल्ड मैडल पर अपना कब्जा जमाया। बालिका वर्ग में अंडर 14 में खुशी ने 800मी. रेस में गोल्ड मैडल व अंडर 17 में 800मी. रेस में खुशबु सैनी ने ब्रोंज मैडल पर कब्जा जमाया।

## 10 माह से फरार चल रहे आरोपी को डुंगरपुर से किया गिरफ्तार

**तारानगर,**(निसं)। पुलिस थाना भालेरी की टीम ने 10 माह से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। सोमवार सुबह आठ बजे मिली जानकारी के अनुसार थानाधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि पुलिस थाना भालेरी की टीम ने करीबन 10 माह से फरार चल रहे आरोपी विजय डामोर पुत्र कुरिचद डामोर डामोर उम्र 26 साल निवासी वार्ड नं 05 डामोर फला निवासी ग्राम पोस्ट पाल देवल पुलिस थाना सदर जिला डूंगरपुर को डुगरपुर से गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में जिला पुलिस अधीक्षक चूरू श्री जय यादव आईपीएस ने बताया अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत किशोरीलाल आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़, रोहित (आरपीएस) वृताधिकारी वृत तारानगर के सुपरविजन में जगदीश सिंह उनि थानाधिकारी पुलिस थाना भालेरी के नेतृत्व में पुलिस थाना भालेरीमें टीम पर गठन किया जाकर वांछित आरोपियों को गिरफ्तार एव पैण्डिग मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाने के निर्देशन में पुलिस थाना में 03 फरवरी 2024 को दर्ज मामले में करीबन 10 माह से फरार चल रहे आरोपी विजय डामोर पुत्र कुरिचद डामोर डामोर उम्र 26 साल निवासी वार्ड नं 05 डामोर फला निवासी ग्राम पोस्ट पाल देवल पुलिस थाना सदर जिला डूंगरपुर को डुगरपुर से गिरफ्तार किया गया है। तथा आरोपी को न्यायालय में पेश किया जावेगा। कार्यवाही में टीम सदस्य जगदीश सिंह उनि थानाधिकारी पुलिस थाना भालेरी, बलवन्त सिंह हैड कानि पुलिस थाना भालेरी, रूपाराम कानि पुलिस थाना भालेरी, धर्मपाल कानि पुलिस थाना भालेरी व साईबर सैल चूरू शामिल रहे।

## पारीक के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने जताई संवेदना, परिजनों को दी सांत्वना

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,** । धार्मिक व सामाजिक कार्यों से जुड़ाव व सरोकार निभाने वाली धर्मपरायण महिला प्रेमलता पारीक के निधन पर उधमियों, अधिकारियों, अधिवक्ताओं ने जताई संवेदना करते हुए उनके निज निवास मुरारी ओम भवन लक्ष्मनगढ पहुंचे कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि तथा उनके पुत्र राजेश कुमार, ललित कुमार, नवीन कुमार व कर सलाहकार एडवोकेट प्रदीप पारीक सहित परिजनों को दी सांत्वना दी ।

पारीक पीछले करीब डेढ़ दशक से श्री रघुनाथ अस्पताल के पास स्थित गायत्री व्यायाम शाला हनुमान मंदिर में शाम को प्रतिदिन दो घंटे नियमित रूप से महिलाओं के सानिध्य में भजन कीर्तन, श्रीमद्भागवत कथा, रामकथा आदि के धार्मिक आयोजन में अपनी अहम भूमिका निभाती रही है। पारीक के निधन पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया,वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी, पंचायत समिति में प्रधान प्रत्याशी भागीरथ गोदारा, शहर भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन दायमा, भाजपा नेता नवरंग चौधरी लालासी गोपाल लाटा, एडवोकेट ललित पुरोहित, पंचायत समिति सदस्य अमृत ख्यालिया,अंतरराष्ट्रीय बालीबाल खिलाड़ी अर्जुन पुरस्कार विजेता सुरेश मिश्रा, वरिष्ठ चार्टेड एकाउंटेंट सुशील अग्रवाल, उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी, आयकर विभाग के विजेन्द्र जांगिड़, ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिशराम चौधरी, डॉ राजेश शर्मा, पत्रकार बाबूलाल सैनी,अशोक पारीक,डॉ प्रभाष नारनोलिया, पूर्व आयकर अधिकारी बहादुर सिंह शेखावत, आयकर निरीक्षक पुखराज सोनी,पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बीएल पारीक, सूचना व जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त पूर्व सहायक निदेशक राजकुमार पारीक, नगरपालिका उपाध्यक्ष बनवारी पांडे,सीए संदीप झुरिया,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट प्यारेलाल मीणा,एडवोकेट शंकरलाल जांगिड़, संजय जाट, सत्यनारायण सैनी, पार्षद सज्जन सैनी एडवोकेट महावीर सैनी डॉ अभिषेक पारीक डॉ पूनमचंद जोशी, सज्जन शर्मा, सरपंच चिरंजीलाल जांगिड़, महेश कुमार,श्री रघुनाथ अस्पताल के महाप्रबंधक रघुवीर पारीक, राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य वरिष्ठ पार्षद पवन बूटोलिया, सुभाष जोशी, बगड़िया स्कूल के सचिव पवन गोयनका, व्यवसायी विष्णु काबरा, पूर्व पार्षद सज्जन पारीक महिपाल सिंह सिंगोदडी आदि ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में देर रात छात्र गुटों में हुआ झगड़ा,

- **प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने 8 छात्रों को रखा पुलिस थाने में**

**पाटन,** कस्बे की पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार देर रात जमकर हंगामा हुआ। कक्षा 11 व कक्षा 10 के विद्यार्थियों में जमकर मारपीट की। विद्यालय प्रशासन ने अपने स्तर पर विवाद शांत करने का प्रयास किया लेकिन विफल रहने पर पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। मारपीट की इस घटना में लगभग आधा दर्जन विद्यार्थियों के चोटें आई है। गौरतलब है कि जुलाई 24 से अब तक नवोदय में विद्यार्थियों में पहले भी तीन चार बार झगड़ा हो चुका है जिसके बाद छात्रों के गुट बन गये हैं जो आए दिन आपस में भिड़ते रहते हैं।

मामले के अनुसार नवोदय विद्यालय के कक्षा 10 के विद्यार्थियों व कक्षा 11 के विद्यार्थियों के बीच रात लगभग 10.30 बजे आपस में कहासुनी हुई जो झगड़े में बदल गई। मारपीट व झगड़े की आवाज सुनकर विद्यालय के अध्यापक हॉस्टल में पहुंचे व दोनों गुटों को काफी मशक्कत के बाद अलग-अलग किया। इस दौरान लगभग आधा दर्जन विद्यार्थियों को चोटें आई। घटना के बाद कार्यवाहक प्राचार्य पूनम खेदड़ ने 2 विद्यार्थियों के अभिभावकों को झगड़े की सूचना दी। रात्रि लगभग 12 बजे दोनों विद्यार्थियों के अभिभावक जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचे जहां प्राचार्य ने उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

बताया जा रहा है कि दोनों अभिभावक आक्रोशित हो गए तथा बच्चों से मारपीट पर उतारू हो गए। मामला बिगड़ता देखकर प्राचार्या पूनम खेदड़ ने रात्रि लगभग 1:00 बजे पाटन पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पाटन पुलिस के हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह पुलिस जाब्ते के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचे जहां प्राचार्या पूनम खेदड़ ने पुलिस को लिखित में आवेदन देकर नौ बच्चों को रात्रि में अथवा अभिभावकों के आने तक पुलिस थाने में रखने की बात कही। प्राचार्य के आवेदन पर पुलिस रात्रि में ही बच्चों को लेकर थाने पर आ गई जिन्हें पुलिस सुरक्षा में रखा गया। मामले की सूचना पर प्राचार्य से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने मिलने से व बात करने मना कर दिया। मामले की जानकारी मीडिया को मिलने के बाद नवोदय प्रशासन ने इसे सामान्य बात बताते हुए मीडिया से खबर नहीं छापने की गुहार लगाई। प्राचार्य से मिलने गए पत्रकारों को नवोदय विद्यालय से सेवानिवृत हो चुके शारीरिक शिक्षक मेहरचंद ने फोन कर खबर नहीं लगाने की बात कही।

जब मीडिया कर्मियों ने कहा कि वे इस मामले में प्राचार्य का पक्ष जानने आए हैं तो मेहरचंद ने उन्हें मन में आए जैसी खबर लगाने की बात कह कर कहा कि खबर लगाने से क्या बिगड़ जाएगा । गौरतलब है कि जवाहर नवोदय विद्यालय भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत संचालित होता है जिस हाल ही पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है। इस विद्यालय में पूरे सीकर जिले के विद्यार्थी निशुल्क अध्ययन करते हैं। एक ही कैंपस में छात्र एवं छात्र अलग-अलग हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं ऐसे में अभिभावकों के सामने अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अभिभावक ने बताया की नवोदय में रैगिंग आम बात है। सीनियर स्टूडेंट जूनियर स्टूडेंट से अपने कपड़े धुलवाने समेत अनेक काम करवाते हैं मना करने पर उनकी पिटाई की जाती है। नवोदय विद्यालय समिति का अध्यक्ष जिला कलेक्टर होता है ऐसे में प्रबंधन की कमी के चलते कभी श्रेष्ठ संस्थानों में शामिल इस विद्यालय की प्रतिष्ठा वर्तमान में धूमिल होती नजर आ रही है। जबाबों से बचते रहे अधिकारी --- जवाहर नवोदय विद्यालय में घटना घटने के बाद जयपुर जोन के अधिकारियों ने महेंद्रगढ़ हरियाणा के प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना को जांच के लिए नियुक्त किया है। इस बारे में जब प्राचार्य से जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने बताया कि अभी हमारी अभिभावकों के साथ मीटिंग चल रही है उसके बाद ही कोई जानकारी दे पाएंगे, अन्य जानकारी देने से बचते रहें तथा पत्रकारों से दूरियां बना ली गई। इससे साफ जाहिर होता है विधालय में कुछ न कुछ तो गडबड है जिसको छुपाया जा रहा है।

## श्रमिक समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्य अभियंता से हुई बैठक

**झुंझुनूं,** । अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ तथा राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधिमंडल की बैठक विद्युत के संभागीय मुख्य अभियंता लक्ष्मण सिंह की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। बैठक के दौरान श्रमिक समस्याओं पर चर्चा की गई तथा ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। संभागीय मुख्य अभियंता द्वारा सभी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा श्रमिक प्रतिनिधियों से अपील की कि दीपावली उत्सव पर अपने क्षेत्र के सभी घरेलू तथा कृषि कनेक्शन का कार्य दीपावली पर पूर्ण करना सुनिश्चित कर हम उपभोक्ता तथा किसान (अन्नदाता) को राहत तथा दीपावली का तोहफा देने का कार्य करें। जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि निगम के सक्षम स्तर से कृषि उपभोक्ताओं के कनेक्शन के लिए सभी संसाधन तथा सामग्री संबंधित उपखंड अधिकारियों को संभागीय मुख्य अभियंता द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। बैठक में वरिष्ठ लेखा अधिकारी योगेंद्र शर्मा, एक्सईएन विजयपाल लालपुरिया, डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तंवर, उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, संयुक्त महामंत्री राजवीर सामरिया, वृत्त परिसर अध्यक्ष मूलचंद महला, झुंझुनूं ग्रामीण उपखंड सचिव नवीन डांगी, राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन अध्यक्ष विकास कुमार महामंत्री आशीष पचार शामिल हुए।

**अदालत अपर जिला न्यायाधीश महोदय क्रम सं.- 1 राजगढ जिला चूरु**

आवेदन संख्या CM (N) 09 सन् 2024
सोमवीर बनाम सर्वसाधारण आदि
आवेदन उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत
नोटिस बनाम सर्वसाधारण
न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, क्रम सं.- 1 राजगढ़ जिला चूरू
प्रार्थना पत्र संख्या CM (N) 09 सन् 2024
सोमवीर बनाम सर्वसाधारण आदि

प्रार्थना पत्र बाबत प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
नोटिस वास्ते चरपांदगी :- अखबार साया
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत मृतका फूलवती पत्नि स्व. धर्मपाल सिंह जाति जाट निवासीनी कालरी तहसील राजगढ़ जिला चूरू के नाम से रहे बैंक खाता संख्या 61025892601 भारतीय स्टेट बैंक शाखा मदीना मार्केट सादुलपुर बावत संस्थित किया है। अगर किसी को इस बाबत किसी भी प्रकार का एतराज हो तो आप इस न्यायालय में दिनॉक 6-11-24 को दिन के 10.00 ए.एम. बजे प्रार्थना पत्र का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होवें। जिसके लिये आपको समय दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होंगे तो प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जावेगा। यह आज दिनॉक 18-10-24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
DN-275 18-10-24

मोहर अदालत

न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, क्रम सं.-1 राजगढ जिला चूरू

## खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया

चूरू, (कासं.)। स्थानीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 17वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा संतोष कुमार महर्षि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका विमला ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एपीसी रामनिवास पूनियां, हरिप्रसाद शर्मा, बालिका शिक्षा प्रभारी व कार्यक्रम संयोजक अविनाश सहारण, सुरेन्द्र महला, प्रधानाचार्य रामकिशन कस्वां, प्रधानाचार्य पुरुषोतम सोनी, विनय सोनी, गुगन राम जांगिड़ व रामप्रसाद परिहार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा संतोष कुमार महर्षि ने दीप प्रज्वलित करके व ध्वजारोहण कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये एडीपीसी संतोष महर्षि ने कहा कि हर खिलाड़ी जीत नहीं सकता और हर खिलाड़ी हार नहीं सकता। महर्षि ने कहा कि खेलों के माध्यम से हमें सीख मिलती है। महर्षि ने कहा कि चूरू के खिलाड़ी हमें गौरवान्वित कर रहे हैं।

# 'किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन होना बहुत जरूरी'

## विप्र फाउंडेशन द्वारा विशाल प्रतिभा सम्मान व विप्र सम्मेलन का आयोजन

■ कार्यक्रम में 500 प्रतिभाओ को सम्मानित किया

सरदारशहर, (निसं)। गांधी विद्या मंदिर के राम मंच प्रांगण में रविवार को विप्र फाउंडेशन सरदारशहर के द्वारा विशाल प्रतिभा सम्मान एवं विप्र सम्मेलन का आयोजन समाजसेवी मांगीलाल पारीक की अध्यक्षता किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संस्थापक सुशील ओझा, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा, जेठानंद व्यास विधायक बीकानेर, ताराचंद सारस्वत विधायक श्री डुंगरगढ., अभिनेष महर्षि पूर्व विधायक रतनगढ़, सीमा मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, जय श्री दाधीच जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, दीपक हर्ष जिला अध्यक्ष, धनसुख सारस्वत प्रदेश अध्यक्ष, श्यामलाल जोशी प्रदेश सचिव, विद्याधर पारीक प्रवक्ता, सुनील मिश्र प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ आदि मंचस्थ अतिथियों ने विप्र फाउंडेशन के बैनर तले विप्र समाज की 500 प्रतिभाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम का षुभारंभ भगवान परषुराम के समक्ष दिपप्रज्जवलन से हुआ। तत्पष्चात खुषी पारीक के नेतृत्व में देव पब्लिक स्कूल की छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संस्थापक सुशील ओझा ने विप्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए पहली सीख यह की हममें अनुषासन होना चाहिए अगर हम अनुषासीत नही है तो किसी भी क्षेत्र में आगे नही बढ. सकते यहि आगे बढ.ना है तो सबसे पहले हमें अनुषासीत होना पडेगा। ओझा ने समर्थ राष्ट्र, उन्नत समाज व स्वजातीय गतिशीलता के भाव को साकार करते हुए विप्र समाज में एकजुटता का आव्हान किया। सम्मानित प्रतिभाओं को लक्ष्य के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में विषिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए समाज के संगठन पर जोर दिया।



कुमावास में मुख्यअतिथि विप्र फाउडेशन के संस्थापक सुशील औझा व अन्य अतिथियो का ईक्तीस किलो की माला पहनाकर स्वागत करते हुए स्थानीय पदाधिकारीगण ।

## दीपावली पर्व पर प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में सौंपे दायित्व

पाटन । जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट नीमकाथाना शरद मेहरा ने आदेश जारी कर 29 अक्टूबर 2024 से 3 नवम्बर 2024 तक धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा तथा भैया दूज के अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना, अधीक्षण अभियन्ता अजमेर विधुत वितरण निगम लि., अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कपिल राजकीय चिकित्सालय, आयुक्त, नगर परिषद, महाप्रबन्धक, भारत संचार निगम सीकर व नीमकाथाना को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में दायित्व सौंपे गये है।

जिला कलक्टर ने पुलिस प्रशासन को नीमकाथाना जिला क्षेत्र में दीपावली के अवसर पर पूर्णतया सुरक्षा व्यवस्था, सतर्क निगरानी व्यवस्था के लिए उचित पुलिस कर्मियो की व्यवस्थाएं करने तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो, इस के लिए सतत् निगरानी सभी संवेदनशील स्थानों पर रखी जावे एवं संदिग्ध वस्तुओं तथा व्यक्तियों की जांच सुनिश्चित की जावे। नीमकाथाना जिला क्षेत्र में यातायात व पार्किंग की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ पर्याप्त यातायात पुलिस कर्मियों की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जावें। पार्किंग स्थलो पर किसी प्रकार की कोई अवांछित वस्तु या लावारिस वाहन जिसमें बैग इत्यादि लटक रहा हो या सामान रखा हो उसकी अच्छी तरह से जांच कर ली जावे ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो। जिला कलक्टर मेहरा ने नगर परिषद नीमकाथाना को दीपावली के अवसर पर शहर के मुख्य बाजारों में विशेष रोशनी व्यवस्था, सजावट को देखने व खरीददारी के लिये बडी संख्या में लोग जाते है। इसलिए शहर के सभी प्रमुख बाजारों में विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जावे।

## तीन मकानों में चोरी की

झुंझुनूं, (निसं)। शहर में चोरों का लगातार अटैक जारी है। एक ही दिन में तीसरी चोरी सामने आई है। बीती रात चोरों ने केके कॉलोनी के दो मकानों में चोरी की वारदात की थी। तो वहीं अब सदर थाने के पीछे स्थित सरस्वती कॉलोनी में स्थित एक मकान में और चोरी होने की जानकारी सामने आई है। विवेक कुमार ने बताया कि वह और उनका परिवार सीकर रहता है। पांच महीने पहले तक उनकी मां सरस्वती कॉलोनी स्थित मकान में रहती थी। लेकिन उनकी तबियत नासाज होने के कारण वह भी उनके साथ सीकर रहने लगी। 13 अक्टूबर को उन्होंने अपने जानकार को भेजकर घर चैक करवाया गया था। तब तक सबकुछ ठीक था। लेकिन सोमवार सुबह जब वे खुद घर संभालने आए तो घर के मैन गेट का ताला लगा हुआ था। जबकि अंदर के कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने तीन कमरों का सामान बिखेर रखा था। उन्होंने बताया कि चोरी क्या चुराकर ले गए।

## शत-प्रतिशत एमओयू धरातल पर उतारने के रहेंगे प्रयास : सुराणा

■ कलक्टर अभिषेक सुराणा ने प्रेस वार्ता कर राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट-2024 के जिला स्तरीय कार्यक्रम की जानकारी दी

चूरू, (कासं.)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में प्रवेश प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट-2024 के जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी साझा की। इस दौरान एडीपीआर कुमार अजय, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, रीको आरएम एसके गुप्ता, उद्योग सहायक आयुक्त उजाला, एपीआरओ मनीष कुमार, जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी दशरथ कुमार सेन सहित अधिकारी एवं मीडियाकर्मी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर सुराणा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान यूनिवर्सिटी में अभी तक जिले में 2288.75 करोड़ रुपए के 90 एमओयू किए गए हैं। जिला मुख्यालय पर होटल शक्ति पैलेस में 23 अक्टूबर को राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट-2024 कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुराणा ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी एमओयू किए जा रहे हैं। जिले में किए गए एमओयू में सभी सेक्टर को टच करने का प्रयास किया गया है। जिले में निवेश को बढ़ाने के लिए एनआरआई व नॉन राजस्थान रेजीडेंट लोगों को प्रेरित करने के लिए प्रयास किए गए हैं। इसी के साथ जिले की औद्योगिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए बैंकर्स, प्रोफेशनल फॉर्म्स, कमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट के माध्यम से अधिकतम टैक्स भुगतान करने वाले लोगों व निवेशकों को प्रेरित कर निवेश को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कलक्टर सुराणा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट-2024 के तहत किए जाने वाले सभी एमओयू को शत प्रतिशत जिले के धरातल पर उतारकर औद्योगिक प्रगति को और अधिक बढ़ाने के प्रयास रहेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग द्वारा अधिकतम प्रयास रहेंगे। जिले के औद्योगिक विकास के लिए नए प्रोजेक्ट पर काम करने के प्रयास रहेंगे। जिले में नई संभावनाओं पर निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसी के साथ लकड़ी उद्योग के अनुकूल भी जिले का वातावरण रहता है। लकड़ी उद्योग को वन जिला वन प्रोडक्ट योजना के तहत भी चिन्हित किया गया है।

## गाजुवास में हुए साईबर ठगी के कुल 1 लाख 10 हजार 9 रूपये परिवादी के खाते में करवाये रिफण्ड

■ 'साईबर अपराधों पर प्रभावी अकुंश हेतु जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है'

तारानगर, (निसं)। पुलिस थाना तारानगर अन्तर्गत गाजूवास में हुए साईबर ठगी के मामले में एक परिवादी के खाते में कुल 01 लाख 10 हजार 09 रूपये करवाये रिफण्ड करवाने की कार्यवाही की है। सोमवार सुबह 09 बजे मिली जानकारी में थानाधिकारी गोरव खिडिया ने बताया कि सुनिल कुमार पुत्र पृथ्वीसिंह जाट निवासी गाजुवास पुलिस थाना तारानगर जिला चूरू के साथ 28 मई 2024 को कुल 06 लेन-देन से 01 लाख 10 हजार 09 रूपये का फॉड हो गया था।

जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि साईबर अपराधों पर प्रभावी अकुंश हेतु जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। त्वरित कार्यवाहियों के इसी क्रम में थानाधिकारी पुलिस थाना तारानगर गौरव खिडिया उनि व साईबर टीम व साईबर पोर्टल पर कार्यरत ओमप्रकाश कानि द्वारा साईबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुये कुल 1 लाख 10 हजार 09 रूपये की फॉड राशि को वापिस परिवादी के खाते मे रिफण्ड करवाई गई। उक्त कार्यवाही में पुलिस थाना तारानगर के साईबर पोर्टल पर कार्यरत श्री ओमप्रकाश कानि 800 की विशेष भुमिका रही। प्रकरण अनुसार दिनांक 29 मई 2024 को सुनिल कुमार पुत्र पृथ्वीसिंह जाट निवासी गाजुवास पुलिस थाना तारानगर जिला चूरू ने साईबर पोर्टल पर परिवाद दर्ज करवाया कि दिनांक 28 मई 2024 को कुल 06 लेन-देन से 01 लाख 10 हजार 09 रूपये का फॉड हो गया है। कार्यवाही पुलिस परिवादी द्वारा साईबर पोर्टल पर दर्ज करवाई गई परिवाद पर ओमप्रकाश कानि द्वारा साईबर पोर्टल पर प्राप्तशुदा परिवाद का अवलोकन कर परिवादी से जांच कर परिवादी के खाते से स्थानान्तरित हुई राशि का ट्रेस किया जाकर त्वरित आवश्यक कार्यवाही करते हुये परिवादी के खाते से स्थानान्तरित हुए 01 लाख 10 हजार 09 रूपये को कर्नाटका बैंक नई दिल्ली में होल्ड करवाने में सफलता प्राप्त की। उक्त होल्डशुदा राशि को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट चूरू से उक्त फॉड राशि को रिफण्ड करवाने के आदेश प्राप्त किये जाकर कर्नाटका बैंक नई दिल्ली से पत्राचार कर फॉड राशी परिवादी सुनिल कुमार के खाते में रिफण्ड करवाई गई। एसपी जय यादव ने बताया कि ऑनलाईन साईबर फॉड का शिकार होने पर तत्काल साईबर काइम हेल्प लाईन नम्बर 1930 पर अथवा नेशनल साईबर काईम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवाये। तथा किसी अनजान लिंक को ऑपन ना करें। जागरूक बने और अपने आस-पास के लोगों को साईबर फ्रॉड से बचने के लिये जागरूक करें और सभी प्रकार के सोशल मीडिया पेज को टू स्टैप वेरिफिकेशन करे।

## 'बबलू चौधरी के बाद भाजपा के लिए सैनी समाज बना आफत'

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं में भाजपा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक ओर तो 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के प्रत्याशी रहे बबलू चौधरी ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोक दी है। तो वहीं सोमवार को भाजपा की टिकट मांग रहे डॉ. कमलचंद सैनी ने भी चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।
बगड़ रोड स्थित सैनी मंदिर में सैनी समाज की बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा बगावत करने वाले नेताओं को लगातार टिकटें दे रही है। दो नेताओं के बीच चल रहे नाटक से भाजपा को नुकसान हो रहा है। सैनी समाज भाजपा का कोर वोटर रहा है। बावजूद इसके भाजपा सैनी समाज को अपमानित कर रही है। इसलिए सैनी समाज, मूल ओबीसी और एससी-एसटी वर्ग के अलावा सभी 36 कौम को साथ लेकर चुनाव लड़ेगा। बैठक में डॉ. कमलचंद सैनी को उम्मीदवार के रूप में घोषित किया गया। वहीं 25 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद डॉ. कमलचंद सैनी ने कहा कि बात चाहे विधानसभा चुनावों की हो या फिर लोकसभा चुनावों की। भाजपा लगातार सैनी समाज की अनदेखी कर रही है। उप चुनावों में भी भाजपा को पता था कि दो बगावती नेताओं में से किसी भी एक को टिकट देने पर बगावत तय है। बावजूद इसके यह नाटक करवाया जा रहा है। मूल ओबीसी के साथ मूल वोट बैंक की अवहेलना बर्दाश्त के बाहर है। गुरुवार 25 नवंबर को नामांकन दाखिल करेंगे। नेतराम मघराज टीबड़ेवाल महिला कॉलेज के सामने स्थित कैलास केशरी अस्पताल से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली जाएगी।

## सार-समाचार

### जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं, (निसं)।झुंझुनूं की फुटबॉल टीम के चयन को लेकर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगा है। सोमवार को करीब 40-50 फुटबॉल खिलाड़ियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। फुटबॉल प्रेमी कांशीराम चैलासी ने बताया कि हाल ही में स्वर्ण जयंती स्टेडियम में झुंझुनूं जिले की फुटबॉल सीनियर पुरूष वर्ग की टीम का चयन किया गया है। जिसमें फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। पैसे लेकर खिलाड़ियों का चयन किया गया है। वहीं संतोष ट्रॉफी, बीसी रॉय ट्रॉफी, राजस्थान फुटबॉल लीग और कई नेशनल प्रतियोगिता खेल चुके खिलाड़ियों को दरकिनार किया गया है। उन्होंने चयनित टीम को खुला चैलेंज देते हुए कहा कि एक मैच चयनित टीम और अन्य खिलाड़ियों के बीच करवाया जाए। उससे ही साबित हो जाएगा कि झुंझुनूं फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने कितनी कमजोर टीम का चयन किया है। इस मौके पर खिलाड़ियों ने किया यदि भ्रष्ट पदाधिकारियों को निष्कासित कर फिर से टीम का चयन नहीं किया जाएगा। इधर, फुटबॉल प्रेमी मनीष कुमार ने बताया कि जो जिला स्तरीय टीम का चयन हुआ है। उसके चयन के लिए फुटबॉल संघ ने हॉकी के कोच बैठाए। हॉकी के कोच से फुटबॉल टीम का चयन करवाया। जो नियमों को एक तरह से दरकिनार करना है। इसलिए चयन समिति और फुटबॉल संघ पर कार्रवाई होनी चाहिए। नहीं तो तो आंदोलन होगा।

### पदाधिकारी ने जताया आभार

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला में निराश्रित नंदियों के प्रवेशोत्सव समारोह में नंदीशाला में आर्थिक सहयोग के साथ साथ अन्य सहयोग करने वाले दानदाताओं का लक्षमनगढ पिंजरापोल गौशाला व नंदीशाला के पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया है। नंदीशाला में मोहनी देवी गोयनका स्कूल, माधव प्रसाद अनिल मिश्रा, प्रमोद मंगलूनेवाला,भोलाराम रामगोपाल खाटूवाला, प्रेमप्रकाश रणजीत सैनी, डॉ रेखा शर्मा प्राचार्य श्री ऋषिकुल विद्यापीठ, राजकुमार सुभाष जाजोदिया, सुशील प्रहलाद जाजोदिया,स्वर्गीय विमला देवी जाजोदिया धर्मपत्नी रामरतन जाजोदिया की ओर से सहयोग किए जाने पर पदाधिकारी सदस्यों ने दानदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

### सी.एम. आएंगे झुंझुनूं

झुंझुनूं, (निसं)।विधानसभा उप चुनावों में भाजपा से प्रत्याशी राजेंद्र भांबू अपना नामांकन 24 अक्टूबर को दाखिल करेंगे। उन्हें नामांकन दाखिल करवाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद झुंझुनूं आएंगे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिले के प्रभारी व समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत के अलावा अन्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय नेता झुंझुनूं आएंगे। वे यहां पर सुबह 10:15 बजे केशव आदर्श विद्या मंदिर में नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद भांबू का नामांकन दाखिल करवाने के लिए पहुंचेंगे। इधर, सीएम का कार्यक्रम तय होने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के नेतृत्व में भाजपा संगठन के नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारी सभी नामांकन सभा को सफल बनाने की तैयारियों में जुट गए है। भांबू ने बताया कि टिकट फाइनल होने के बाद भाजपा के हर एक कार्यकर्ता में खुशी का माहौल है। भाजपा इस बार झुंझुनूं में एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी और झुंझुनूं में कमल खिलकर रहेगा।

### आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण किया

पाटन । महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक संजय चेतानी ने गुहाला सेक्टर के अनेक आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र गोविन्दपुरा-सी तथा जस्सी का बास में शाला पूर्व शिक्षा हेतु पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति बहुत कम मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को नोटिस जारी किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र बोराणों की ढाणी का निरीक्षण दोपहर डेड बजे किया गया। केन्द्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज देवी अनुपस्थित मिली, वहीं शाला पूर्व शिक्षा हेतु पंजीकृत 13 बच्चों में से केन्द्र पर एक भी बच्चा उपस्थित नहीं मिला। सहायिका ने बताया कि बच्चों की समय से पूर्व डेड बजे ही छुट्टी कर दी गई। केन्द्र पर चारों ओर गन्दगी फैली हुई थी। इस पर कार्यकर्ता सरोज देवी और सहायिका विनोद कंवर को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।आंगनबाड़ी केन्द्र गोविन्दपुरा-बी पर शाला पूर्व शिक्षा हेतु पंजीकृत 13 में से 11 बच्चे मौके पर उपस्थित मिले, केन्द्र पर साफ-सफाई भी अच्छी मिली। आंगनबाड़ी केन्द्र झाकड़ा में शाला पूर्व शिक्षा हेतु पंजीकृत 10 में से 07 बच्चे उपस्थित मिले।

### योग को करें दिनचर्या में शामिल करें

झुंझुनूं । श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के अंतर्गत सोमवार को ध्यान एवं योग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह न्यौला ने छात्राओं को योग एवं ध्यान क्रिया को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए कहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आकांक्षा डूडी ने कहा कि वर्तमान जीवन शैली में शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योगासन तथा ध्यान क्रिया अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने योग एवं ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं में बढ़ते अवसाद, तनाव एवं गुस्से को योग एवं ध्यान क्रिया द्वारा धीरे-धीरे कम किया जा सकता है।

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह 25 को

चूरू, (कासं.)। भूतोड़िया परिवार सुजानगढ़ की ओर से 25 अक्टूबर शुक्रवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन होगा। दीपावली स्नेह मिलन समारोह सुबह साढ़े ग्यारह बजे कोठारी रोड़ स्थित सेठिया गाार्डन में होगा।

## गौ सेवा समिति की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

■ गौसेवकों को दुपट्टा व गौ सेवा कामधेनु स्मारिका देकर सम्मानित किया

झुंझुनूं, (निसं)।झुंझुनूं जिला गौ सेवा समिति की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन श्री गौशाला पिलानी में रविवार को किया गया। कार्यक्रम में श्री गौशाला समिति के मुंबई प्रवासी उद्योगपति रामावतार गोयनका व श्रीकांत अग्रवाल के मुख्य अतिथि रहे। सतीश कुमार ग्राम विकास संयोजक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बीडीओ सतीश कुमार, निरंजन जानूं, दिनेशचंद्र भार्गव, कृष्ण गावड़िया विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता समिति जिलाध्यक्ष ताराचंद गुप्ता ने की। गौशाला पिलानी के पृथ्वी सिंह शेखावत ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी गौसेवकों को दुपट्टा व गौ सेवा कामधेनु स्मारिका देकर सम्मानित किया गया।

संचालन कैलाश व्यास लीखवा, दीपचंद छापड़ा व श्यामलाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम को अतिथियों सहित समिति अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता एवं कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन सिंह जानूं ने भी संबोधित किया। समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण के साथ कर उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। जानकारी देते हुए मंत्री सुभाष क्यामसरिया ने बताया कि जिले की सर्वश्रेष्ठ 3 गौशालाओं में प्रथम जमवाय माता गौशाला भोड़की, द्वितीय श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं, तृतीय पिंजरापोल गौशाला बिसाऊ एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए पिलानी गौशाला को गौ भक्त स्वर्गीय सत्यनारायण हलवाई पिलानी की स्मृति में सत्यनारायण अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में समिति कार्यकारिणी के अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला, कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन सिंह जानूं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश हलवाई चिड़ावावाला, पवन जाखोड़िया, महामंत्री सुभाषचंद्र क्यामसरिया, कोषाध्यक्ष पवन कुमार गाडिया, दिनेश ढंढारिया, उपाध्यक्ष बाबूलाल कटेवा, पूर्णमल शर्मा गिरावड़ी, हरिराम कालुटा खेतड़ी, रतन लाठ मलसीसर, परसराम सूरजगढिया चिड़ावा, बृजलाल गाड़ोदिया सूरजगढ़, प्यारेलाल चनाना, मंत्री सुरेश स्वामी डाडा फतेहपुरा, रामस्वरूप चोपदार मंडावा, सुरेश खेतान नवलगढ़, कैलाश डूडी भोड़की, मनीष शर्मा सूरजगढ़, प्रवक्ता कैलाश व्यास लीखवा, डॉ. अरविंद भालोठिया, उप कोषाध्यक्ष प्रहलाद सिंह शेखावत, मुरली मनोहर शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, पवन कुमार जखोड़िया, ओमप्रकाश टेलर, दिनेश कुमार काशीरामका, शंकरलाल सैनी, पवन कुमार दाधीच, श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं के मंत्री नेमी अग्रवाल, डॉ. डीएन तुलस्यान एवं अशोक केडिया सहित जिले की लगभग 125 गौशालाओं के गौ भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## चार गिरफ्तार, हिस्ट्रीशीटर सहित दो फरार

चिड़ावा । पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के घर पर धावा बोलकर चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस को देखकर एक हिस्ट्रीशीटर और उसका साथी मौके से फरार हो गए। फरार आरोपियों में एक इनामी आरोपी भी शामिल है। सुलताना थानाधिकारी भजनाराम ने बताया कि गश्त के दौरान एजीटीएफ के हेड कांस्टेबल ने सूचना दी कि सुलताना थाने का हिस्ट्रीशीटर अंकुर कुमार महरमपुर और इनामी आरोपी रजनीश डारा किशोरपुरा अभी जमानत पर बाहर आए बगड़ थाने के हिस्ट्रीशीटर नितेश उर्फ ब्लेकिया माखर की ढाणी के घर पर है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ब्लेकिया के घर पर दबिश दी तो वहां चार संदिग्ध युवक मिले। इनमें माखर निवासी राहुल पूनियां, नबीपुरा थाना सदर फतेहपुर निवासी जोरावर सिंह, बिशनपुरा थाना सूरजगढ़ के संदीप कुमार और माखर निवासी अंकित जाखड़ शामिल थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि हिस्ट्रीशीटर अंकुर कुमार महरमपुर, रजनीश डारा किशोरपुरा से उनकी दोस्ती है। वह गैंग के रूप में काम करते हैं। इस पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस की गाडियों को देखकर एचएस अंकुर कुमार और रजनीश डारा खेतों की तरफ भाग गए। आरोपी रजनीश डारा कैंपर से और अंकुर बिना नम्बर की बाइक से आए थे। पुलिस ने कैंपर ओर बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे। इससे पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## झुंझुनूं में कांग्रेस की टिकट घोषणा से पहले बगावत, सरपंच आमिन मनियार ने पार्टी छोड़ी

■ बताया जा रहा है कि आमिन मनियार ने मुस्लिम समाज की अनदेखी से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ी है

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा में जहां बगावती तेवरों का जोर है, तो कांग्रेस भी इससे अछूती नहीं है। कांग्रेस की टिकट घोषणा होने से पहले ही इस्लामपुर सरपंच आमिन मनियार ने बगावती तेवर दिखाए हैं। उन्होंने ना केवल कांग्रेस छोड़ दी है, बल्कि उन्हें आजाद समाज पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है, जिसके बाद कांग्रेस के भी समीकरण बिगड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि इस्लामपुर सरपंच आमिन मनियार ने मुस्लिम समाज की अनदेखी से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ी। वे सांसद बृजेंद्र ओला के करीबियों में शामिल है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और इस्लामपुर से तीसरी बार के सरपंच आमीन अली मणियार ने सोमवार को चौंकाने वाला फैसला करते हुए आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जानकारी के अनुसार पिछले 35 साल से कांग्रेस के अनुशासित सिपाही रहे इस्लामपुर सरपंच आमीन अली मणियार ने पार्टी में मुस्लिम समाज की हो रही अनदेखी से नाराज होकर आखिर कार पार्टी छोड़ दी और आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। जिन्हें आजाद समाज पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है। उम्मीदवार घोषित होने की जानकारी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने दी। हालांकि घोषणा रविवार शाम को होनी थी, लेकिन यह घोषणा सोमवार शाम को हुई।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से झुंझनूं विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस पार्टी की टिकट पर मुस्लिम समाज अपनी दावेदारी जता रहा है। इसी संदर्भ में पिछले दिनों झुंझनूं में मुस्लिम महापंचायत का आयोजन करके समाज ने एकमत होकर निर्णय भी लिया था कि कांग्रेस पार्टी अगर मुस्लिम समाज की 30 बिरादरियों में से किसी भी व्यक्ति को अगर टिकट देती है तो पूरा समाज उस व्यक्ति के पीछे एकजुट होकर खड़ा रहेगा। मगर कांग्रेस आलाकमान की अनदेखी के चलते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के खेमे में ही असंतोष व्याप्त हो गया और दशकों तक उनके करीबी रहे कांग्रेसी ने पार्टी को छोड़ दिया। झुंझुनूं में दलितों के करीब 45 हजार और मुस्लिमों के 70 हजार वोट है, अगर ये दो समाज साथ आ जाते हैं तो मुकाबला रोमांचक होना तय है।



इस्लामपुर सरपंच आमिन मनियार ने आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## 695 विद्यार्थियों ने मंच के माध्यम से दी प्रस्तुतिया

सीकर । पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिकोत्सव फेस्टिनो-2024 का शुभारम्भ हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम दिन मोंटेसरी से ग्रेड थर्ड के 695 विद्यार्थियों द्वारा मंच पर अनेक प्रस्तुतियां दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि कॉमोडोर सीएस आजाद, कर्नल कुरियन जैकब एवं कर्नल वीर सिंह जादौन रहे।नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अभिभावकों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना, बूम बूम टोका टोका, आज है संडे, सुपरहीरो हनुमान, बेटर व्हेन आईएम डांसिंग, विच कलर यू वांट, राम सिया राम, पपेट डांस, रेट्रो थीम, भारत अनोखा राग है, कपल डांस, मराठी डांस, पहाड़ी डांस, स्कूल नहीं जाना मैं, बॉलीवुड माशअप, मचादे तबाही, रील्स डांस फ्यूजन आदि अनेक शानदार प्रस्तुतियां दी गई।कार्यक्रम में करवा चौथ के पर्व पर महिलाओं हेतु विशेष पूजा की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर मदर्स द्वारा करवा चौथ स्पेशल नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई।विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा ने कहा कि प्राइमरी स्कूलिंग को हैप्पी स्कूलिंग में बदना आवश्यक है। पढ़ाई के साथ-साथ हॉलिस्टिक एजुकेशन प्रिंस लोटस वैली का मुख्य ध्येय है।



अभी मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मैं स्वयं को पूरा फिट रखूं और यह देखूं कि अगर मैं ऑस्ट्रेलिया गया तो पूरी तरह से फिट होकर वहां जाऊं। मुझे पता है कि ऑस्ट्रेलिया में हमें किस तरह की गेंदबाजी करनी होगी। –मो. शमी

भारतीय गेंदबाज, अपनी फिटनेस को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ साक्षी मलिक



**ओलंपिक** कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि पिछले साल विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट लेने के फैसले से बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई क्योंकि इससे यह अभियान स्वार्थी दिखने लगा। साक्षी इस विरोध प्रदर्शन के तीन मुख्य पहलवानों में से एक थीं, उन्होंने हाल में रिलीज हुई अपनी किताब 'विटनेस' में इसके अलावा अपने करियर के संघर्षों के बारे में भी लिखा है। जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में लगातार कैच आउट होने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के इमरान खान के नाम है। इमरान अगस्त 1982 से नवंबर 1986 तक लगातार 19 पारियों में कैच आउट हुए।

# न्यूजीलैंड के कारण भारत को हुआ नुकसान

## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए टीम इंडिया कैसे करेगी क्वालीफाई



नई दिल्ली, 21 अक्टूबर। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया को 8 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी। जिसके बाद कीवी टीम 1-0 से आगे है। इस हार के साथ ही भारत का डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने का गणित बिगड़ गया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में भारत का जीत का प्रतिशत 74.24 था, जो अब घटकर 68.06 का रह गया है। हालांकि, टीम इंडिया अभी भी पॉइंट्स टेबल में पहले पायदान पर बनी हुई है। भारत को के मौजूदा चक्र में 7 और मुकाबले खेलने हैं। इन 7 में दो मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत पुणे और मुंबई में खेलेगा, वहीं बचे 5 मैच टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं की सरजमीं पर खेलने हैं।

भारत को अपने दम पर डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करना है तो 7 में से 5 मैचों में जीत दर्ज करनी होगी। अगर टीम इंडिया ऐसा करने में कामयाब रहती है तो अंत में उनके खाते में 68.42 प्रतिशत अंक होंगे। पिछले दो डब्ल्यूटीसी चक्र पर नजर डालें तो भारत ने 2021 में 70.58 प्रतिशत अंकों के साथ तो, 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने 66.7 प्रतिशत अंकों के साथ पहले पायदान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। इस दौरान दूसरे पायदान पर रही न्यूजीलैंड और भारत की टीमें क्रमश: 63.63 व 58.8 प्रतिशत के साथ फाइनल में जगह बनाई थी।

ऐसे में भारत के पास फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए 68.42 पर्याप्त होंगे। वहीं अगर टीम बने 7 में से चार मैच जीतती है और दो मुकाबले ड्रॉ रहते हैं तो भी भारत के फाइनल में पहुंचने के चांसेस रहेंगे। इस स्थिति में टीम इंडिया के खाते में 66.67 प्रतिशत अंक होंगे। वहीं भारतीय टीम को बचे 7 में से 2 से ज्यादा मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ता है तो उन्हें दूसरी टीमों के रिजल्ट पर निर्भर रहना पड़ेगा।

## आईपीएल 2025 में धोनी खेलेंगे या नहीं

आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक हर फ्रेंचाइजी को रिटने किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट बीसीसीआई



को देनी है। वहीं फैंस इस रिटेंशन लिस्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन सभी की नजरें चेन्नई सुपर किंग्स पर टिकी हैं कि वह एमएस धोनी को रिटेन करेगी या नहीं। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने धोनी के आईपीएल 2025 में खेलने को लेकर अपडेट दिया है। उन्होंने कहा है कि , उन्हें भी नहीं पता कि एमएस धोनी अगले सीजन में खेलेंगे या नहीं। आईपीएल 2025 के लिए सीएसके एमएस धोनी को रिटेन करेगी या नहीं इसको लेकर अब तक कोई फैसला नहीं हो पाया है। फिलहाल इस पर अभी कुछ भी पक्का नहीं है। हाल ही में चेन्नई के सीईओ कासी विश्वनाथन नीलामी से पहले एमएस धोनी के रिटेंशन स्टेटस के बारे में बात की।

# दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी वर्ल्डकप में जीता सिल्वर मेडल



नई दिल्ली, 21 अक्टूबर। पेरिस ओलंपिक 2024 में इस बार खिलाड़ियों ने काफी निराश किया और देश को एक सिल्वर मेडल सहित 6 ब्रॉन्ज मेडल ही मिले। इसी कड़ी में भारतीय तीरंदाज टीम भी मेडल जीतने में नाकामयाब रहीं। वहीं दिग्गज तीरंदाज दीपिका कुमारी को ओलंपिक में पदक न जीत पाने की निराशा और मलाल था। लेकिन अब रविवार को तीरंदाजी वर्ल्ड कप में सिल्वर मेडल जीत कर ओलंपिक की निराशा को खत्म कर दिया है।

इस टूर्नामेंट में दीपिका को फाइनल में चीन की लि जियामान के हाथों हार झेलनी पड़ी लेकिन उन्हें सिल्वर अपने नाम करने में कामयाबी जरूर मिली। इससे पहले सेमीफाइनल में उन्होंने मेक्सिको की टोक्यो ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट अलेजेंड्रा वेलेंसिया को 6-4 से मात दी थी। वहीं क्वार्टर फाइनल में चीन की यैंग को 6-0 से मात दी थी। वहीं दीपिका ने आर्चरी वर्ल्ड कप में पिछला मेडल साल 2018 में जीता था। इसके बाद से वह इसके लिए संघर्ष करना पड़ा। हालांकि, दो साल पहले मां बनी दीपिका ने ये 6 साल का इंतजार बखूबी खत्म किया है। साथ ही उन्होंने ये भी साबित कर दिया कि मां बनना उनकी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत है और वह देश के लिए मेडल जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## रेलवे ने हॉकी महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का जीता खिताब

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) की महिला टीम ने चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2024 के फाइनल में इंडियन ऑयल लिमिटेड पर 3-1 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गये फाइनल में दोनों टीमें कड़े मुकाबले के कारण मैच चौथे क्वार्टर तक रोमांचक रहा। रेलवे की कप्तान नवनीत कौर ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। सलीमा टेटे के अंतिम गोल से जीत रेलवे की जीत सुनिश्चित की। रेलवे ने 3-1 से जीत दर्ज की।

## वाटर स्पोर्ट्स का हब बनने को तैयार हो रहा है रामगढ़ताल

गोरखपुर, 21 अक्टूबर। पिछले साल खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता की सफल मेजबानी करने वाले गोरखपुर का रामगढ़ताल में मंगलवार को यहां सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप खेली जायेगी। 26 अक्टूबर तक होने वाली इस चैंपियनशिप का उद्घाटन 22 अक्टूबर को होगा जबकि खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 23 अक्टूबर को खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव की उपस्थिति में होगा। 26 अक्टूबर को चैंपियनशिप के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी मौजूद रहेंगे। सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में 20 राज्यों की टीमें प्रतिभाग कर रही है। इसमें कुल 243 खिलाड़ी शामिल होंगे। इन खिलाड़ियों के साथ 43 कोच भी हैं। खिलाड़ियों, कोच, सपोर्टिंग स्टाफ, निर्णायकों और अतिथियों के लिए शहर के होटलों और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 106 कमरे रिजर्व किए गए हैं। प्रतियोगिता को लेकर रामगढ़ताल में लेन कोर्स तैयार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए ही योगी सरकार ने रामगढ़ताल के समीप विश्व स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया है। पिछले वर्ष मई माह में हुई खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की रोइंग प्रतियोगिता के बाद जर्मनी से 20 रोइंग बोट्स मंगाकर यहां प्रशिक्षण का कार्य पहले से जारी है।

### महिला टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियन

## खिलाड़ियों ने बढ़ाया जयपुर का मान : राजीव अरोड़ा

जयपुर, 21 अक्टूबर। हाल ही में संपन्न स्टेट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में विजयी होकर जयपुर लौटी महिला चैंपियन टीम का आज जिला संघ पदाधिकारियो ने अभिनंदन किया। निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के संरक्षक राजीव अरोड़ा, अध्यक्ष आलोक गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितिन शारदा भगेरिया ने खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। राजीव अरोड़ा ने अपने बधाई संदेश में कार्यकारी मंजूर बेग कोच भाटी और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा खिलाड़ियों ने जयपुर को पुन चैंपियन बना कर जयपुर की गौरवशाली परंपरा को एक नया आयाम दिया है। गौरतलब है जयपुर टीम 2011 से 2019 तक लगातार चैंपियन रहती आई है और इस बार चार साल बाद चैंपियन बनी है।

## राजस्थान के खिलाड़ियों ने शूटिंग प्रतिस्पर्धा में बाजी मारी

जयपुर, 21 अक्टूबर। पंजाब में आयोजित 43वी नोर्थ जोन शूटिंग चैम्पियनशीप 2024 प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुये दीक्षान्त लोहिया ने क्ले पिजन ट्रेप जुनियर व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में रजत पदक प्राप्त कर शूटिंग खेल को उच्च स्तर पर ले जाते हुये राजस्थान का गौरव बढाया है। उत्तर क्षेत्र चैंपियनशिप (शोटगन) भटिंडा, पंजाब में 20 से 25 अक्टूबर 2024 तक चलेगी।

## हॉकी का राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होना तय

मेलबर्न, 21 अक्टूबर। हॉकी का 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होना तय है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो लागत में कटौती करना चाहता है। इसकी जानकारी यहां कई मीडिया रिपोर्ट में दी गई है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ और राष्ट्रमंडल खेल महासंघ दोनों इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। हॉकी को 1998 में राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया था और तब से वह इन खेलों का अभिन्न अंग बना रहा लेकिन मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ग्लासगो खेलों के आयोजक नेट बॉल और रोड रेसिंग के साथ हॉकी को भी खेलों से हटाना चाहते हैं।राष्ट्रमंडल खेल 2026 आयोजन पहले ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था लेकिन वह बढ़ती लागत के कारण मेजबानी से हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने इन खेलों की मेजबानी करने के लिए कदम बढ़ाया। खेलों का कार्यक्रम मंगलवार को घोषित किया जाना है। इस संदर्भ में पीटीआई ने जब अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ से संपर्क किया तो उसने कार्यक्रम के आधिकारिक तौर पर जारी होने तक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। एक अधिकारी ने कहा, "एक-दो दिन में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और आपको जानकारी मिल जाएगी। हमारी तरफ से जब तक सीजीएफ से कोई आधिकारिक बातचीत नहीं हो जाती तब तक हम इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।"

## मल्लिका नड्डा ने स्पेशल ओलंपिक भारत की जर्सी का किया अनावरण




नई दिल्ली, 21 अक्टूबर। स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष मल्लिका नड्डा, चेयरमैन अमित भल्ला और महासचिव डीजी चौधरी ने सोमवार को 18 से 23 नवंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक के लिए भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण किया। आज यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान मीडिया सदस्यों के साथ स्पेशल ओलंपिक खेलों के अनुभव को साझा करने के लिए बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वैश्विक स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता में 22 वर्ष से अधिक उम्र के बौद्धिक और विकासात्मक दिव्यांग वाले बुजुर्ग के लिये पदक जीतने का अवसर होगा। 12वें स्पेशल ओलंपिक कार्यक्रमों में पूर्वी एशिया, यूरोप, यूरेशिया और एशिया प्रांत से 100 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। स्पेशल ओलंपिक्स भारत एक राष्ट्रीय खेल महासंघ है और यह अमेरिका द्वारा मान्यता प्राप्त है।

### सीनियर पुरुष फुटबॉल चैम्पियनशिप

# दौसा, कोटा, हनुमानगढ़, भीलवाड़ा, जैसलमेर और अलवर की टीमें जीती



जयपुर, 21 अक्टूबर। राजस्थान फुटबॉल एशोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज का पहला मुकाबला दौसा और बूंदी के बीच खेला गया जिसमें दौसा ने बूंदी को हराया, दूसरा मैच कोटा और सीकर के मध्य खेला गया जिसमें कोटा 1-0 से विजयी रहा, तीसरा मैच हनुमानगढ़ और बारां के बीच खेला गया जिसमें हनुमानगढ़ 3-0 से विजयी रहा, चौथा मैच नागौर भीलवाड़ा के मध्य खेला गया जिसमें भीलवाड़ा ने नागौर को पैनल्टी शूट आउट में 5-3 से हराया। पांचवा मैच जैसलमेर और सिरोही के बीच खेला गया जिसमें जैसलमेर ने सिरोही को 2-1 से हराया, छठा मैच जोधपुर और अलवर के बीच खेला गया एक संघर्षपूर्ण मैच में अलवर ने जोधपुर को पैनल्टी शूट आउट 5-4 से हराया। स्टेडियम दर्शकों से भरा रहा, दर्शकों ने शानदार खेल का लुत्फ उठाया। राजस्थान के कई भूतपर्व खिलाड़ी मैचों के दौरान मौजूद रहे और खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया।



## रोनाल्डो और अल नासर का एसीएल मैच सुरक्षा कारणों से ईरान की बजाय दुबई में

*वाशिंगटन, 21 अक्टूबर। क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अल नासर क्लब का तेहरान के एस्तेगलाल क्लब के खिलाफ एएफसी चैम्पियंस लीग एलीट फुटबॉल मैच ईरान में सुरक्षा चिंताओं के कारण अब संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में होगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने पिछले सप्ताह जारी बयान में इसकी जानकारी दी थी। भारत ने इस फैसले पर हैरानी जताई है क्योंकि सात अक्टूबर को एएफसी ने कहा था कि कोलकाता के मोहन बागान क्लब ने ट्रैक्टर एससी के खिलाफ दो अक्टूबर को दूसरी श्रेणी के एएफसी चैम्पियंस लीग दो के मैच के लिये ईरान जाने से इनकार किया था लिहाजा माना जायेगा कि उसने नाम वापिस ले लिया है।सिर्फ अल नासर ही नहीं बल्कि ट्रैक्टर का ताजिकिस्तान के रावशान के खिलाफ घरेलू मैच भी अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है।*



# डी.जी.पी. डिस्क के लिए मालिनी अग्रवाल, विशाल बंसल और वी.के. सिंह का चयन

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने प्रदेश में पुलिसिंग के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए 61 पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को 'महानिदेशक पुलिस प्रशस्ति डिस्क एवं प्रशस्ति रोल' एवं 'महानिदेशक पुलिस डिस्क एवं प्रशस्ति रोल' सहित नकद इनाम मय प्रशस्ति पत्र देने की मंजूरी प्रदान की गई है। एडीजी मालिनी अग्रवाल, एडीजी विशाल बंसल और एडीजी विजय कुमार सिंह को भी डीजीपी डिस्क देने की घोषणा की गई है। इन पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को आगामी दिनों में आयोजित होने वाले समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

साहू ने बताया कि प्रदेश में इस साल की शुरूआत में 58वें पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन-2023 का आयोजन जयपुर में किया गया था। इस सम्मेलन के सफल आयोजन में सराहनीय सेवाओं के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण (तत्कालीन पद हाल एडीजी सिविल राइट्स एंड एएचटी) मालिनी अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था विशाल बंसल और अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी विजय कुमार सिंह को 'महानिदेशक पुलिस प्रशस्ति डिस्क एवं प्रशस्ति रोल' प्रदान किया जाएगा। एडीजी बंसल का दूसरी बार इस सम्मान के लिए चयन हुआ है।

साहू ने बताया कि इसके अलावा 58वें पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन-2023 में उत्कृष्ट योगदान के लिए उप महानिरीक्षक पुलिस कार्मिक, जयपुर विकास पाठक (दूसरी बार चयन), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कम्यूनिटी पुलिसिंग सैयद मुस्तफा अली जैदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, हाऊसिंग शिल्पा चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, केन्द्रीय भंडार, पुलिस मुख्यालय यशपाल त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज्य विशेष शाखा चन्द्रेश कुमार (दूसरी बार चयन), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राज्य विशेष शाखा भरतलाल मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसओजी पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, इंटेलीजेंस ट्रेनिंग अकादमी, शालिनी सक्सेना, पुलिस उप अधीक्षक, मुख्य भंडार, पुलिस दूरसंचार, अवनीश कुमार, डिप्टी कमांडेंट, पांचवी बटालियन आरएसी देशराज यादव, उप अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय देवेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, राज्य विशेष शाखा रामचंद्र मीना, पुलिस निरीक्षक, परिवहन, पुलिस मुख्यालय फतेह सिंह, पुलिस निरीक्षक (कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस कल्याण) नीरज तिवाड़ी, कम्पनी कमांडर, 12 वीं बटालियन, आरएसी बजरंग सिंह, पुलिस निरीक्षक, राजस्थान पुलिस अकादमी नीलिमा अग्निहोत्री, स्टाफ ऑफिसर (कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस आर्म्ड बटालियन) विनीत कुमार पाठक तथा उप महानिरीक्षक, पुलिस परिवहन राजेश कुमार को 'महानिदेशक पुलिस प्रशस्ति डिस्क एवं प्रशस्ति रोल' प्रदान किया जाएगा।

डीजीपी ने बताया कि अपराध, प्रशासन, कानून व्यवस्था एवं इंटलिजेंस के क्षेत्र में निदेशक, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला अजय शर्मा, अतिरिक्त निदेशक, क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला राजवीर, उप निदेशक, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला डॉ. राजेश सिंह, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अजमेर राकेश रोशन शर्मा, कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक, प्रभारी मोबाईल फॉरेंसिक यूनिट, भीलवाड़ा हर्ष मीना, धौलपुर में पुलिस थाना सोने का गुर्जा के उप निरीक्षक (थानाधिकारी) यशपाल सिंह, उप निरीक्षक, पुलिस साइक्लोनर सैल, रेंज कार्यालय, जोधपुर प्रमीत चौहान, सहायक उप निरीक्षक, कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जयपुर पूर्व, प्रद्युम्न कुमार (द्वितीय बार), हैड कांस्टेबल, जिला विशेष शाखा (साइबर सैल), जयपुर (दक्षिण) राम सिंह (द्वितीय बार), हैड कांस्टेबल, अपराध शाखा (साइबर सैल), जयपुर-दक्षिण लोकेश कुमार (द्वितीय बार), महिला कांस्टेबल थाना बाड़मेर-जीआरपी जोधपुर केशी देवी, कांस्टेबल थाना कैथूनीपोल (कोटा शहर) योगेन्द्र सिंह, कांस्टेबल आईआरएफ, जोधपुर राजुनाथ, कांस्टेबल आईआरएफ, जोधपुर रेंज पप्पाराम और कांस्टेबल, रिजर्व पुलिस लाइन जोधपुर ग्रामीण झूमरराम विश्नोई को 'महानिदेशक पुलिस डिस्क एवं प्रशस्ति रोल' से सम्मानित किया जाएगा। साहू ने बताया कि अपराध, प्रशासन, कानून व्यवस्था एवं इंटलिजेंस के क्षेत्र में ही उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उदयपुर राजेन्द्र प्रसाद गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सीआईडी विशेष शाखा जोन, जयपुर शहर धर्मेन्द्र सिंह सागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला अपराध अनुसंधान सेल, बूंदी भगवत सिंह हिंगड, सहायक पुलिस आयुक्त माणक चौक, जयपुर-उत्तर श्री हेमंत जाखड़, आरपीएस (प्रोबेशनर), कार्यालय पुलिस अधीक्षक, धौलपुर अंगद शर्मा, पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी, थाना माणक चौक, जयुपर-उत्तर गुरू भूपेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी सुभाष चौक, जयुपर-उत्तर सुरेश चंद, निरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी, पुलिस थाना प्रताप नगर, आयुक्तालय जोधपुर भुटाराम, पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी सविना, जिला उदयपुर फूलचंद, पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी बयाना जिला भरतपुर सुनील कुमार, उप निरीक्षक, थानाधिकारी, पुलिस थाना गढ़ीबाजना, भरतपुर मुकेश कुमार, उप निरीक्षक, थानाधिकारी, थाना रूदावल, भरतपुर योगेन्द्र सिंह (द्वितीय बार), उप निरीक्षक पुलिस, तत्कालीन थाना रूदावल हाल कार्यालय पुलिस अधीक्षक, करौली महावीर प्रसाद, कांस्टेबल थाना डग, झालावाड़ मुकेश कुमार, कांस्टेबल थाना डग, झालावाड बृजेश कुमार, कांस्टेबल कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस रेंज, जयपुर प्रताप मीना, कांस्टेबल कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस रेंज, जयपुर मनोज यादव, कांस्टेबल पुलिस थाना प्रताप नगर, आयुक्तालय, जयपुर श्याम लाल तथा कांस्टेबल साइबर क्राइम, पुलिस थाना धौलपुर अशोक कुमार को डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल दिया जाएगा।

इसी प्रकार खेल, प्रशिक्षण, सामान्य प्रशासन, कल्याण एवं पर्यवेक्षण के क्षेत्र में महानिरीक्षक पुलिस, आरएसी, जयपुर हाल पुलिस आयुक्त, जोधपुर राजेन्द्र सिंह तथा हैड कांस्टेबल पुलिस लाइन गंगानगर जीत सिंह का भी 'महानिदेशक पुलिस डिस्क एवं प्रशस्ति रोल' के लिए चयन किया गया है। वहीं अपराध, प्रशासन, कानून व्यवस्था एवं इंटलिजेंस के क्षेत्र में उप निरीक्षक, पुलिस थानाधिकारी, पुलिस थाना रानी-जिला पाली पन्नाराम और कांस्टेबल, पुलिस थाना, महेश नगर, जयपुर-दक्षिण रामजी लाल को प्रशस्ति पत्र मय 5 हजार रुपये नकद ईनाम दिया जाएगा।

# सफाई कर्मचारियों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सफाईकर्मियों की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका है। वे हमें बीमारियों और गंदगी से बचाकर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता और जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री सोमवार को संयुक्त वाल्मीकि श्रमिक संघ द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नगर निकायों में होने वाली करीब 24 हजार सफाई कर्मचारियों की भर्ती में सफाईकर्मियों की मांगों एवं सुझावों के अनुरूप संशोधन कर नियमों का सरलीकरण किया है और लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से भर्तियां करने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सफाईकर्मियों को उनका यह हक पहले ही मिल जाना चाहिए था लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने इन भर्तियों को अटकाने, लटकाने और भटकाने का काम किया। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी 2018 में हमारी ही सरकार ने 21 हजार से अधिक पदों पर सफाईकर्मियों की भर्ती की थी।

शर्मा ने कहा कि सफाई कर्मचारी विषम परिस्थितियों में काम करते हैं। ऐसी स्थिति में उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए आरजीएचएस के तहत फेफड़ों, किडनी एवं त्वचा से संबंधित बीमारियों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की गई है। साथ ही, सफाई कर्मचारियों को रियायती दर पर ऋण भी राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि समाज के छात्रावास हेतु भूमि आवंटन तथा जोधपुर में नवल जी महाराज का पैनोरमा बनवाने का सकारात्मक आश्वासन दिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर, 2014 को स्वयं झाड़ू उठाकर स्वच्छ भारत अभियान का आगाज किया था। उन्होंने देशवासियों को स्वच्छता का मंत्र दिया और आज स्वच्छ भारत अभियान एक 'जन-आंदोलन' का रूप ले चुका है, क्योंकि इसे पूरे देश की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के सफाईकर्मियों का आभार व्यक्त करने के लिए प्रयागराज में कुंभ के दौरान उनके चरण धोए थे।शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर में बहुत आदर से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि अपनी यूके यात्रा के दौरान मैंने लंदन में किंग हेनरी रोड स्थित ऐतिहासिक अम्बेडकर हाउस का दौरा किया। यह स्थान बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर से जुड़ी अमूल्य स्मृतियों, उनके जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों और उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्यों का साक्षी रहा है।

# अमेरिकी राजदूत मुख्यमंत्री भजनलाल से मिले

## जयपुर में मुख्यमंत्री से मुलाकात करने राजदूत एरिक गार्सेटी के साथ चार वरिष्ठ अधिकारी भी आये

जयपुर, 21 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने, आगामी 9 से 11 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में गार्सेटी एवं अमेरिकी निवेशकों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि राज्य में अक्षय ऊर्जा, खनन, आई.टी. और विनिर्माण क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सौर एवं पवन ऊर्जा के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक नई पर्यटन नीति लाई जा रही है, जिसमें निवेशकों को कई तरह के लाभ दिए जाएंगे। राज्य में कौशल विकास, आई टी, बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण एवं रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा इन क्षेत्रों में निवेशकों के लिए ढेरों अवसर हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्य में जलवायु, सतत विकास, ग्रीन टैक्नोलॉजी, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा अनुसंधान, पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिकी साझेदारी एवं सहयोग पर जोर दिया। शर्मा ने राजस्थान में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के कैम्पस खोलने, जी.सी.सी. एवं डेटा सेन्टर के क्षेत्र में भी काम करने के लिए उन्हें आमन्त्रित किया। अमेरिकी राजदूत ने महिला विकास, ऊर्जा, शहरी विकास, खेलकूद इत्यादि के क्षेत्र में भी अमेरिका द्वारा सहयोग की इच्छा व्यक्त की। गार्सेटी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमण्डल ने शर्मा द्वारा दिए प्रस्तावों पर गहन रूचि दिखाई।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में, भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी से मुलाकात की तथा उन्हें एवं अमेरिकी निवेशकों को राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वैस्टमैंट समिट में आमंत्रित किया।*

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जलवायु, सतत निकास, ग्रीन टैक्नोलॉजी, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा अनुसंधान, पर्यटन आदि क्षेत्रों में अमेरिकी साझेदारी व सहयोग मांगा।
- अमेरिकी राजदूत ने महिला विकास, ऊर्जा, शहरी विकास, खेलकूद आदि क्षेत्रों में रूचि दर्शाई।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल में अमेरिकन एम्बैसी से आर्थिक मामलात अधिकारी डेमन ड्यूबोर्ड, वरिष्ठ राजनैतिक सलाहकार ए. सुकेश, वाइस काउन्सिल एलेक्जेण्डर वाइट, राजनैतिक अधिकारी हिना राव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा उपस्थित रहे।

## संजय राउत ने कहा, शाह से मुलाकात नहीं की

मुंबई, 21 अक्टूबर। शिवसेना (यू.बी.टी.) सांसद एवं मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने सोमवार को कुछ हलकों में चल रही अटकलों को नकार दिया कि उन्होंने आगामी 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। राउत ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में सत्तारूढ़ शिवसेना के एक नेता की इस भविष्यवाणी को खारिज कर दिया कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यू.बी.टी.) भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पाले में वापस आ जायेगी।

उन्होंने कहा ,ये सिर्फ सत्तारूढ़ पक्ष के मीडिया तंत्र की ओर से फैलायी जा रही अफवाहें हैं। हम जानते हैं कि ऐसा कौन कर रहा है और क्यों किया जा रहा है। हमारे पास अपना छोटा सा पेगासस सेट-अप भी है, जो हमें सूचित करता रहता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिवसेना (यू.बी.टी.) पिछले कुछ वर्षों से महाराष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, लेकिन यह भाजपा में शामिल होने के लिए नहीं है।

# शहर के पास फिर पैंथर दिखने से दहशत का माहौल

## रविवार की रात सी.सी.टी.वी. फुटेज में पैंथर एक घर के सामने से गुजता नज़र आया

- तीन दिन पहले इस स्थान से मात्र 10 किलोमीटर दूर मदार इलाके में वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने एक पैंथर को गोली मारी थी।
- वन विभाग के अनुसार, इन दोनों इलाकों में 4 से 5 पैंथर हो सकते हैं। ये पैंथर इलाका बदलते हैं तथा 24 घंटे में 20 से अधिक किलोमीटर की दूरी तय कर सकते हैं।

उदयपुर, 21 अक्टूबर (का.सं.)। उदयपुर शहर के समीप एक बार फिर पैंथर का मूवमेंट नज़र आया है। शहर से 7 किमी दूर बड़ी ग्राम पंचायत क्षेत्र के लियो का गुड़ा में बीती रात को एक पैंथर को सी.सी.टी.वी. फुटेज में देखा गया।

यहां 7 दिन में दूसरी बार पैंथर का मूवमेंट हआ है। सी.सी.टी.वी. फुटेज में पैंथर रविवार देर रात 10:42 बजे एक घर के सामने से गुजरता हुआ दिखाई पड़ा है। इसके बाद, सामने से एक कार के आते ही पैंथर झाड़ियों में भाग गया। ज्ञातव्य है कि तीन दिन पहले शुक्रवार को यहां से 10 किमी दूर मदार इलाके में वन विभाग और पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में एक पैंथर को गोली मारी गई थी।

ग्रामीणों के अनुसार, इस इलाके में 7 दिन में पैंथर दिखने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 14 अक्टूबर को इसी इलाके में पैंथर ने सुबह 7 बजे विजय चौबीसा के मकान में घुसकर बछड़े का शिकार किया था। घर की बहू ने पैंथर को देखा और चिल्लाई तो पैंथर भाग गया। इसके बाद वन विभाग ने विजय चौबीसा के बाड़े में पिंजरा भी लगाया, लेकिन पैंथर उसमें नहीं फंसा। अब रविवार देर रात सड़क पर घूमता पैंथर दिखाई दिया है। इससे पहले वन विभाग ने यहां पिंजरा भी लगाया था। लेकिन पैंथर उसमें नहीं फंसा। लोग घबराए हुए हैं और घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं।

वन विभाग के अनुसार, इन दोनों इलाकों में 4 से 5 पैंथर होने की संभावना है। हालांकि ये पैंथर इलाके बदलते रहते हैं और दिन-रात मिलाकर 20 से ज्यादा किमी तक का सफर तय कर सकते हैं। ऐसे में संख्या का अनुमान लगाना संभव नहीं हो रहा है। ग्रामीणों की मांग के अनुसार, यहाँ पिंजरे लगाए जा रहे हैं। वहीं, वन विभाग ने ग्रामीणों को झुण्ड में बाहर निकलने और रात के समय पटाखे चलाने की हिदायत दी है। क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रवेन्द्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम लगातार निगरानी कर रही है और जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मांग के अनुसार पिंजरे भी लगाए गए हैं।

इधर रविवार को गोगुंदा थाना क्षेत्र की भूताला ग्राम पंचायत की हीरावतों की भागल में पैंथर ने गाय का शिकार किया। ग्रामीण तुलसी सिंह ने बताया कि गाय को चरने के लिए खेत में छोड़ा था। दोपहर को देखा तो गाय मरी हुई पड़ी थी। उन्होंने दावा किया कि यहां कई दिनों से पैंथर घूम रहा है। यहां रहने वाले चंदन सिंह की पत्नी और बेटी घास लेने निकली थीं। इसी दौरान पैंथर से उनका सामना हो गया। दोनों ने शोर मचाया तो पैंथर भाग गया। वन विभाग के वनपाल लाल सिंह को मौके पर सूचना दी गई और पिंजरा लगाने की मांग की गई। लेकिन अब तक कोई पिंजरा नहीं लगाया गया है।

## पदोन्नति नहीं देने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बार-बार अभ्यावेदन देकर पदोन्नत करने की गुहार की, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर उसने श्रमिक संघ के माध्यम से औद्योगिक विवाद न्यायाधिकरण में रेफरेंस पेश किया, जिसे गत दिनों तय करते हुए न्यायाधिकरण ने याचिकाकर्ता को राहत देने से इनकार कर दिया। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उसे पदोन्नित देने की गुहार की गई। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## कांग्रेस महाराष्ट्र ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गांधी, सोनिया गांधी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे मौजूद रहेंगे।

यह पहला अवसर होगा, जब प्रियंका गांधी कोई चुनाव लड़ेंगी और अगर वे जीत जाती हैं, तो गांधी भाई-बहिन एक साथ लोकसभा में बैठेंगे।

## एस.आई. भर्ती...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पैरवी के लिये पेश हुए थे। अधिवक्ता संजय शर्मा ने बताया कि संजय पेपर लीक मामले से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि वह आरोपियों को टैक्सी से परीक्षा केद्र तक पहुंचाने वाला एक टैक्सी ड्राइवर है।

## महिला की हत्या कर जेवर लूटने वालों को उम्र कैद

जयपुर, 21 अक्टूबर। जिले की अतिरिक्त सत्र अदालत क्रम-4 ने महिला की हत्या कर उसके जेवरात लूटने वाले अभियुक्त सुरेश कुमार और अजीत सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर कुल दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं, अदालत ने लूट का माल खरीदने वाले अभियुक्त रईस और दीपक मराठा को एक साल की सजा से दंडित किया है। पीठासीन अधिकारी अनामिका सारण ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त अजीत के खिलाफ हत्या और चोरी के कुल 11 और अभियुक्त सुरेश कुमार के खिलाफ चोरी और सहित मामलों के 27 आपराधिक प्रकरण हैं। ऐसे में उनके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक संजीव शर्मा ने बताया कि घटना को लेकर महावीर सिंह ने 25 जनवरी, 2017 को मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी 55 वर्षीय सास नीलम कंवर गुर्जर की थड़ी स्थित मकान में अकेली रहती हैं। आज शाम को उसकी दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी ने उसे बताया कि उसकी सास रसोई में पड़ी हैं। जब वह वहां पहुंचा तो पता चला कि उसकी सास का गला काटकर हत्या कर दी गई है और घर का सामान बिखरा हुआ है।

- अदालत ने लूट का माल खरीदने वाले दो व्यक्तियों को भी एक साल की सजा दी है।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि अभियुक्त अजीत की नानी का घर मृतका के घर के पास ही था। इसके चलते, मृतका अभियुक्त को पहचानती थी। ऐसे में अजीत के उसके घर जाने पर मृतका ने पहले उसे पानी पिलाया और बाद में चाय बनाने के लिए रसोई में गई। इस दौरान अजीत ने पीछे से जाकर उसका मुंह दबा लिया और चाकू से गला काटकर हत्या कर दी।

# कोलकाता में जूनियर डॉक्टर्स ने हड़ताल खत्म की

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मीटिंग के बाद जूनियर डॉक्टर्स ने यह फैसला किया, साथ ही मंगलवार को पूर्व घोषित हैल्थ स्ट्राइक भी रद्द कर दी

- बैठक 45 मिनट तक चलनी थी पर 2 घंटे चली। ममता बनर्जी ने कहा कि डॉक्टर्स की अधिकांश मांगें पूरी कर दी गई हैं।
- जूनियर डॉक्टर, ट्रेनी महिला डॉक्टर के दुष्कर्म -हत्या केस में न्याय की मांग करते हुए 5 अक्टूबर को भूख हड़ताल पर बैठे थे। उन्होंने हैल्थ केयर ढांचे में बदलाव की मांग भी की थी।

कोलकाता, 21 अक्टूबर। कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप और उसकी हत्या के विरोध में चल रही जूनियर डॉक्टर्स की भूख हड़ताल 17 वें दिन खत्म हो गई है। इसके साथ ही डॉक्टरों की मंगलवार को होने वाली हेल्थ स्ट्राइक भी वापस ले ली गई है। सोमवार शाम डॉक्टरों के पैनल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ नबन्ना स्थित सचिवालय में करीब 2 घंटे चर्चा हुई।

5 अक्टूबर से भूख हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टर, ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में न्याय की मांग के साथ ही, राज्य के हेल्थकेयर स्ट्रक्चर में बदलाव की मांग कर रहे हैं। जूनियर डॉक्टर 26 अक्टूबर को आर.जी. कर अस्पताल में सामूहिक सम्मेलन आयोजित करेंगे।

19 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल के चीफ सैक्रेटरी मनोज पंत ने डॉक्टरों को मुख्यमंत्री ममता से सोमवार को मुलाकात का आमंत्रण दिया था। बैठक के लिए 45 मिनट का समय किया गया था, लेकिन बैठक 2 घंटे चली।

20 अक्टूबर को ममता बनर्जी ने अनशन खत्म करने की अपील की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि डॉक्टरों की अधिकतर मांगें पूरी कर दी गई हैं।

ममता ने कहा था कि हर किसी को विरोध का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। किसी विभाग में हर किसी को एक साथ हटाना संभव नहीं हैं। हमने पहले ही डी.एच.एस. और डी.एम.ई. को हटा दिया है, इसलिए राजनीति से ऊपर उठकर काम पर लौटें।

ट्रेनी डॉक्टर के लिए न्याय, और मेडिकल सुविधाओं में सुधार की मांग करते हुए जूनियर डॉक्टर पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। अब तक छह डॉक्टरों को खराब स्वास्थ्य के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आठ अन्य अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। डॉक्टरों की मांग है कि राज्य सरकार 21 अक्टूबर तक समस्या को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाए।

ममता बनर्जी ने भी डॉक्टरों से अनशन खत्म करने और सोमवार को उनसे मिलने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था, मैंने पुलिस कमिश्नर (सी.पी.), चिकित्सा शिक्षा निदेशक (डी.एम.ई.), और स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक (डी.एच.एस.) को हटा दिया है, लेकिन मैं पूरे विभाग को नहीं हटा सकती।

उन्होंने सवाल किया था कि क्या यह तर्कसंगत है कि आप तय करें कि किस अधिकारी को हटाना चाहिए? कुछ मांगों के लिए नीति बनाने की जरूरत है और इसमें सरकार पूरा सहयोग करेगी, लेकिन हमें यह मंजूर नहीं है कि डॉक्टर सरकार को आदेश दें कि क्या करना है।

# "धर्मनिरपेक्षता" संविधान का अपरिवर्तनीय हिस्सा है- सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय ने "धर्मनिरपेक्षता" शब्द को संविधान के मूल ढ ांचे का हिस्सा बताते हुए सोमवार को कहा कि ऐसे कई फैसले हैं, जो यह स्पष्ट करते हैं कि यह अपरिवर्तनीय हिस्सा है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने संविधान की प्रस्तावना में संशोधन को चुनौती देने वाली, बलराम सिंह, वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता सुब्रमण्यम स्वामी और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

पीठ ने कहा कि ऐसे कई फैसले हैं, जिनमें शीर्ष अदालत ने कहा है कि "धर्मनिरपेक्षता" मूल ढ ांचे का हिस्सा है और वास्तव में इसे मूल ढ ांचे के रूप में संशोधन न किए जा सकने वाले हिस्से का दर्जा दिया गया है।

न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अगर संविधान में इस्तेमाल किए गए समानता के अधिकार और बंधुत्व शब्द के साथ-साथ भाग-तीन के तहत मौलिक अधिकारों को देखें तो यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि धर्मनिरपेक्षता को संविधान की मुख्य विशेषता के रूप में माना गया है।

- संविधान की प्रस्तावना में संशोधन की याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की।

पीठ ने याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता से संबंधित दस्तावेज जमा करने को कहा, ताकि वह उनकी जांच कर सके।

शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में करेगी।

## 'वे काफी वृद्ध ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रहे हैं। एक मुद्दा है चीन, जिसके विरोध में दोनों एकमत हैं तथा दूसरा, दोनों ही इमिग्रेशन को नियंत्रित करने के बारे में एक से विचार रखते हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षक कह रहे हैं कि कमला हैरिस ने स्पष्ट कर दिया है कि चीन से आयात के विरुद्ध वर्तमान टैरिफ व्यवस्था तथा दण्डात्मक प्रावधान, जो पहले ट्रम्प ने शुरु किए थे, वो जारी रह सकते हैं, यदिऑ हैरिस सत्ता में आती हैं।

डॉनल्ड ट्रम्प ने चीन सम्बंधी अपनी नीति को और सख्त कर दिया है। वे चीन से आयात पर रोक लगाना चाहते हैं। वे अभी भी कह रहे हैं कि चीन अमेरिका का सबसे बड़ा शत्रु है, उस पर लगाम कसी जानी चाहिए।

आव्रजन के मुद्दे पर कमला हैरिस की तुलना में ट्रम्प ज्यादा अतिवादी हैं। ट्रम्प अभी भी अवैध रुप से आने वाले लोगों को वापस भेजे जाने की बात कर रहे हैं।

दूसरी ओर, हैरिस नए इमिग्रेशन पर रोक लगाने और अवैध आव्रजन पर अंकुश लगाने की बात कर रही हैं। वे ऐसी व्यवस्था की बात कर रही हैं, जिसमें आव्रजन इतना ही हो, जितना अर्थव्यवस्था के लिए जरुरी है।

# पन्नू की हत्या की साजिश...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किया है कि यादव को बर्खास्त कर दिया गया है तथा वह अब सरकारी कर्मचारी नहीं है। यादव को अभी हाल ही में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया था, क्योंकि उसके खिलाफ लूट और हत्या के आरोपों वाली एक एफ.आई.आर. दर्ज हुई थी। लेकिन अगर अमेरिका यादव के प्रत्यर्पण पर जोर देता है तो भारत की स्थिति अटपटी हो सकती है।

भारत के अधिकारियों का मानना है कि अमेरिका की ओर से ऐसा अनुरोध नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह केस अदालत में चल रहा है। भारतीय अधिकारियों ने कहा, "किसी व्यक्ति के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया केवल तभी शुरू हो सकती है, जब अदालत ने उसे दोषी ठहरा दिया हो। अमेरिका के डिपार्टमेन्ट ऑफ जस्टिस के अभ्यारोपण (इंडिक्टमेन्ट) में यह नहीं कहा गया है कि यादव दोषी है।"

लेकिन अगर अमेरिका मामले को आगे बढ़ाता है तो भारत सरकार भी बदले में, डैविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद सैयद गिलानी के प्रत्यर्पण की माँग कर सकती है, क्योंकि 2008 के मुम्बई आतंकी हमले में उसकी भूमिका रही थी। हैडली, जो इस समय शिकागो की जेल में है, ने अमेरिकन डिपार्टमेन्ट ऑफ जस्टिस से एक सौदेबाजी की थी, जिसने यह शर्त शामिल थी कि उसे भारत को प्रत्यार्पित नहीं किया जाएगा। हैडली वह व्यक्ति है, जिसमें 2008 में मुम्बई में हुये आतंकी हमलों के लिए सर्वे किया था तथा हमले के लिए उपयुक्त स्थान चुने थे। 2016 में, जब उसने मुम्बई हमलों में पाकिस्तान की आई.एस.आई. की भूमिका के बारे में बताया था, तो अमेरिका ने भारतीय अधिकारियों को उससे पूछताछ करने की अनुमति दे दी थी। हैडली ने कहा था कि आई.एस.आई. ने उसे एक नाव खरीदने के लिये 25 लाख रुपये दिये थे, जिसमें बैठकर नवम्बर, 2008 में 10 आतंकी कराची से मुम्बई गये थे।

अमेरिकन अधिकारियों की मौजूदगी में, उसने यह रहस्योद्घाटन किया था कि आई.एस.आई. ने उसे योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी थी। बताया जाता है कि 2006 से 2009 के बीच, हैडली नौ बार भारत आया था। आतंकी हमलों के बाद भी वह एक बार भारत आया था।

## आतंकी पन्नू ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किया था, जिसमें कहा था,19 नवंबर को एअर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपकी जान को खतरा हो सकता है।

इसके बाद 19 नवंबर को दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद करने की धमकी दी। उसने कहा कि 19 नवंबर को वही दिन है, जब क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल होना था।

## आर.जे.एस. भर्ती...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अंकों की तालिका बनाकर अदालत में पेश की जाए। वही, यह भी बताया जाए कि इनमें से कितने अभ्यर्थी अंग्रेजी माध्यम के थे। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश अनंत मिश्रा व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया। सुनवाई के दौरान, राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश की पालना में 7 बक्सों में उन अभ्यर्थियों की अंग्रेजी की उत्तर पुस्तिकाओं को पेश किया, जिनके अंग्रेजी विषय में 15 तक अंक आए थे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने इन अभ्यर्थियों का विधि प्रथम व द्वितीय प्रश्न पत्रों के अंकों की जानकारी गुरुवार तक देने को कहा है। दरअसल, पिछली सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को आर.जे.एस. भर्ती के अंग्रेजी विषय में 15 अंक से कम वाले अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाएं पेश करने के लिए कहा था। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश याचिकाओं में कहा गया कि आर.जे.एस. की मुख्य परीक्षा का परिणाम एक अक्टूबर को घोषित किया गया था और चार अक्टूबर को उन्हें उत्तर पुस्तिका के नंबर पता चले, लेकिन अंग्रेजी विषय में उनके बहुत ही कम अंक आए, जबकि वे एन.एल.यू. से पास हैं और कुछ अभ्यर्थियों का माध्यम अंग्रेजी रहा है। इसके बावजूद भर्ती की अंग्रेजी निबंध लेखन की परीक्षा में उन्हें 50 में से जीरो से लेकर चार अंक दिए गए हैं, जिससे साबित है कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने में मनमानी की गई है।

# दिल्ली ब्लास्ट में विस्फोटक का उपयोग हुआ

## एफ.आई.आर. के अनुसार धमाका इतना तीव्र था कि स्कूल की दीवार में छेद हो गया

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर। दिल्ली के रोहिनी इलाके में स्थित सी.आर.पी.एफ. स्कूल के बाहर तेज धमाका हुआ था जिसके बाद धुएं का बड़ा गुबार देखा गया था। इस धमाके की गहन जांच की जा रही है। इस ब्लास्ट केस की एफ.आई.आर. में बड़ा खुलासा हुआ कि इसमें विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। एफ.आई.आर. के मुताबिक धमाका इतना जोरदार था कि इससे सी.आर.पी.एफ. स्कूल की दीवार में बड़ा सा छेद हो गया था। इसके साथ ही धमाके की साइट पर काफी मात्रा में सफेद पावडर बिखरा हुआ मिला था। इस पूरे घटना की जानकारी गृह मंत्रालय को दी गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने भी बताया था कि धमाके के बाद सफेद धुंए का गुबार निकला था और धमाके की आवाज इतनी जोरदार थी कि स्कूल के अपोजिट साइड की दुकानों की खिड़कियों के कांच और साइनबोर्ड डैमेज हो गए थे। पुलिस को कॉल करने वाले शख्स से दिल्ली पुलिस ने पूछताछ की है। कॉलर ने बताया कि वो घर में सो रहा था जब जोरदार धमाके की आवाज उसने सुनी और पुलिस को कॉल किया।

क्राइम सीन का मुआयना करने के बाद एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की गई थी। हालांकि अब तक ये पता नहीं चल पाया है कि किस तरह के एक्सप्लोसिव का इस्तेमाल हुआ था। बता दें कि धमाका रविवार की सुबह लगभग 7 बजकर 40 मिनट पर हुआ था। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई थी।

# 'शुभम लॉजिस्टिक व ऑरिगो के साथ अनुबंध ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निर्णय लिया गया है।

जैसा कि विदित है कि, कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने 16 मई 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक शिकायती पत्र लिखकर इन दोनों कंपनियों को भंडारण निगम में ठेका देने की आड़ में करीब 150 करोड़ रु का घोटाला होना बताया था। किरोड़ीलाल मीणा के आरोप थे कि, यह दोनों कंपनियां पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की करीबी हैं। इन कंपनियों को ठेका देने के लिए राज्य भंडारण निगम के तत्कालीन अफसरों ने कई तरह के नियम-कायदों का उल्लंघन किया। इन कम्पनियों ने 150 करोड़ रु. का घोटाला किया। साथ ही आमजन को वितरित किए जाने वाली खाद्य सामग्री जिसकी कीमत करीब 3000 करोड़ रु. थी। गोदामों में बिना किसी बीमा के ही पटककर रखा। आरोप है कि कंपनियों ने खुद के गोदामों को कृषि उपज से 100 प्रतिशत भरकर रखा और उसका पैसा वसूला। दूसरी ओर भंडारण निगम के गोदाम 15 से 40 प्रतिशत क्षमता के साथ ही भरे गए। ऐसे में भंडारण निगम को करोड़ों रु. का भारी नुकसान हुआ। जबकि निविदा में मूल शर्त यह थी कि दोनों कंपनियां, भंडारण निगम के सभी 71 गोदामों को कम से कम 70 प्रतिशत भरकर रखेंगी, यह कंपनिया इस शर्त को ही पूरा नहीं कर पायी। इससे राज्य सरकार को करीब 250 करोड़ रु. का नुकसान झेलना पड़ा।

सोमवार को हुई बैठक के बाद भंडारण निगम के उच्चाधिकारियों ने कृषि विभाग को पत्र लिखकर इस घोटाले के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पत्र में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा द्वारा 16 मई को शिकायत भेजे जाने के बाद से भंडारण निगम की ओर से क्या-क्या कार्रवाई की गई, इसका जवाब भेजा गया है। पत्र में कहा गया कि भंडारण निगम 3 माह पहले ही अपनी रिपोर्ट कृषि विभाग को भेज चुका है, लेकिन अभी तक यह मामला मुख्य सचिव के संज्ञान में नहीं लाया गया है।

भंडारण निगम ने बताया कि 25 जुलाई और 14 अगस्त 2024 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पत्र लिखा था। जिस पर 16 अगस्त को एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) ने प्राथमिकी दर्ज करके इस प्रकरण की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर निगम प्रथम को सौंपी गई थी। जांच अधिकारी नीरज गुरनानी ने 21 अगस्त व 10 सितंबर को भंडारण निगम से जो-जो कागजात व दस्तावेज मांगे, वे उन्हें सौंप दिये गए हैं। इसके बाद पुनः 29 अगस्त को भंडारण निगम ने कृषि विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि, यह प्रकरण अत्यन्त गंभीर हैं और इसकी जांच ए.सी.बी. के उच्चाधिकारियों और राज्य सरकार की निगरानी में कराई जाए। तत्पश्चात 21 अक्टूबर को पुनः ए.सी.बी. को पत्र लिखकर इस मामले की जांच तुरंत करवाने की मांग की गई। हैरानी की बात है कि भंडारण निगम के पत्र तथा ए.सी.बी. द्वारा 16 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज करने के 2 माह बाद भी अभी तक एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की गई है। ए.सी.बी. के अधिकारी इस पूरे मामले की जांच के बजाय किसी एक बिंदु पर अटके हुए हैं।

बोर्ड मीटिंग के बाद भंडारण निगम की ओर से ए.सी.बी. महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा गया है कि, इस मामले में जांच अधिकारी बदला जाये, क्योंकि अनुसंधान अधिकारी वर्ष 2020 में दोनों कंपनियों के साथ किए गए अनुबंध की जांच के बजाय "वेयर हाऊसिंग मैनेजमेंट सिस्टम" के विश्लेषण पर अटके हुए हैं। जबकि यह कार्यादेश भंडारण निगम ने कभी जारी ही नहीं किया।

भंडारण निगम के अधिकायों का कहना है कि, इस मामले में जांच अधिकारी ऐसा लगाया जाये, जो कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष जांच करें। क्योंकि कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने इस प्रकरण में तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की भूमिका भी संदिग्ध मानते हुए आरोप लगाया था।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600